नई दिल्ली, शनिवार
10 मई 2025

# नेशनल प्रेस टाइम्स



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 71 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

## सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार



नई दिल्ली। भारत सरकार देश की सुरक्षा और पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए कई बड़े फैसले ले रही है। इसी बीच केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख को बड़ा अधिकार दिया है। जिसके तहत उन्हें अगले तीन वर्षों तक प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार दिया गया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके।

**तीन साल तक लागू रहेगा आदेश–** रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने 6 मई को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा।

शेष पेज 2 पर

### देश में 14 बटालियन होंगी तैनात

सरकार की अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा 32 टीए इन्फेंट्री बटालियनों में से 14 को तैनात करने का आदेश दिया गया है। इन्हें देश के कई सैन्य कमानों में भेजा जाएगा।

साउथर्न कमांड
ईस्टर्न कमांड
वेस्टर्न कमांड
सेंट्रल कमांड
नॉर्दर्न कमांड
साउथ वेस्टर्न कमांड
अंडमान और निकोबार कमांड
आर्मी ट्रेनिंग कमांड (एआरटीआरएसी)

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 2 दिन में 228 उड़ानें रद्द



दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्रा लगातार दूसरे दिन भी बाधित रही, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध जारी रहे, जिसके कारण कई उड़ानें रद्द और विलंबित हुईं। जम्मू, पंजाब, गुजरात और राजस्थान के भारतीय शहरों पर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पिछले 2 दिनों में 228 उड़ानें रद्द की गई हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को कुल 138 उड़ानें रद्द की गईं। इनमें 63 घरेलू आगमन, 66 घरेलू प्रस्थान, 4 अंतरराष्ट्रीय आगमन और 5 अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान शामिल हैं।

## फिर चार राज्यों में 26 जगहों पर दिखे पाकिस्तानी ड्रोन

### भारतीय सेना दिया करारा जवाब




नई दिल्ली । ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने आज लगातार दूसरे दिन भी भारत के कई शहरों में ड्रोन हमलों की कोशिश की। जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में सेना ने कई पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए। जानें पल पल के अपडेट...

आईएमएफ ने पाकिस्तान को दिया कर्ज– पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने दावा किया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान के लिए 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इससे पहले भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान को नए ऋण देने का विरोध किया था और कहा था कि पाकिस्तान इन पैसों का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने में कर सकता है।

गुजरात के मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक– गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार रात गांधीनगर स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) पहुंचे और भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य संघर्ष के बीच सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने राज्य प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय की भी समीक्षा की।

सीएम पटेल ने एक्स पर लिखा कि वर्तमान स्थिति में जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ चल रहे समन्वय की समीक्षा करने के लिए गांधीनगर में एसईओसी का दौरा किया, साथ ही किसी भी संभावित आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। राज्य प्रशासन, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पूरी तरह सतर्क है और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान की संसद में शहबाज की औकात पर चर्चा, गीदड़ से की गई तुलना




नई दिल्ली। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दक्षिण क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा के अध्यक्ष और सांसद शाहिद खट्टक ने शुक्रवार को संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की आलोचना की और उन्हें भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक भी बयान देने में विफल रहने के लिए कायर कहा।

पाकिस्तान की संसद में तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। पाक मंत्रियों के बीच इस बात पर बहस हुई कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सरकार इस मुद्दे पर कैसे निपट रही है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दक्षिण क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा के अध्यक्ष और सांसद शाहिद खट्टक ने शुक्रवार को संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की आलोचना की और उन्हें भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक भी बयान देने में विफल रहने के लिए कायर कहा।

शेष पेज 2 पर

## सीएम योगी बोले- सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें... भारत हर हाल में विजयी रहेगा



लखनऊ। भारत पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से दूरी बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर यकीन न करें।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है... आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं... सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को लखनऊ के महाराणा प्रताप चौक, हुसैनगंज चौराहा के पास महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया था... प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था और हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है... हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है

**प्रशासन ने कसी कमर, लगातार की जा रही निगरानी–** बता दें कि देश में तनावपूर्ण हालातों के बीच छावनी, रेलवे, एयरपोर्ट प्रशासन ने कमर कस ली है। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी जगह एंट्री व निकासी पर कड़ी जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशनों की निगरानी ड्रोन से करने की तैयारी है। शेष पेज 2 पर

### अखिलेश यादव की मांग, महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का हो सार्वजनिक अवकाश



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब सपा की सरकार बनेगी तो गोमती रिवरफ्रंट पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगेगी और उनके हाथ में चमकती हुई सोने की तलवार होगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति में महापुरुषों को नहीं लाना चाहिए और न ही किसी दल को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने महाराणा प्रताप की जयंती पर दो दिन का सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग भी की।

शेष पेज 2 पर

## राफेल जेट और एस-400 यूं ही नहीं आ जाते', असम सीएम ने जीएसटी को बताया ईश्वर का आशीर्वाद




गुवाहाटी। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था।

असम सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था।

**असम सीएम ने क्या कहा–** असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं।

शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा...

### पुंछ में प्रभावितों से मुलाकात के बाद बोले उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर । उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों से बातचीत की, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच वर्तमान में सांबा में सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पुंछ में भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में सबसे ज्यादा लोग हताहत हुए हैं और सबसे ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मैं कुछ समय पहले जम्मू के अस्पताल में था और वहां भर्ती सभी घायल पुंछ से हैं। पुंछ में



स्थिति गंभीर है। उपमुख्यमंत्री पुंछ पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, अगर वे वहां पहुंचते हैं तो वहां के लोगों से मिलेंगे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है। उन्होंने ड्रोन का इस्तेमाल किया। शेष पेज 2 पर

लोगों का जज्बा | 'डर किस बात का

## नौ साल का था तब युद्ध देखा', बॉर्डर पर ऐसा है लोगों का जज्बा




बाड़मेर । भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। पाकिस्तान सीमा से सटे हुए शहरों में जिंदगी कैसी है? वहां लोगों की रातें कैसे गुजर रही हैं, इसकी पड़ताल अमर उजाला ने की। जो देखा-समझा, वह हौसले बढ़ाने वाला था।

बाड़मेर और जैसलमेर में रात के समय पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन आ रहे हैं। हमारे डिफेंस सिस्टम इन ड्रोन्स को हवा में ही मार गिरा रहे हैं। यह नजारा देखकर स्थानीय लोगों का जोश हाई है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह सुरक्षित है। भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही। लोगों ने जैसलमेर में पाकिस्तान की ओर से किए गए अटैक की खबर लगने पर समाचार देखा तो पता चला कि सेना ने हमला नाकाम कर दिया। इसका जश्न मनाते हुए लोगों ने भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए।

### बाड़मेर में ट्रेनों पर असर

गाड़ी संख्या 14895, भगत की कोठी-बाड़मेर रेल सेवा 9 मई को रद्द रहेगी।
गाड़ी संख्या 14896, बाड़मेर-भगत की कोठी रेल सेवा 9 मई को रद्द रहेगी।
गाड़ी संख्या 04880, मुनाबाव-बाड़मेर रेल सेवा 9 मई को रद्द रहेगी।
गाड़ी संख्या 54881, बाड़मेर-मुनाबाव रेल सेवा 9 मई को रद्द रहेगी।

**'डर किस बात का, सायरन बजता है तो लाइटें बंद कर देते हैं'**

बाड़मेर के करतारपुरा में रहने वाले बुजुर्ग नारायण जोशी जब नौ साल के थे, तब उन्होंने युद्ध देखा था। उसे याद करते हुए वे कहते हैं, डर किस बात का, मैंने तो बचपन में ही युद्ध देख लिया था। उस समय रात में पाकिस्तान के जहाज आते थे। हमारे जहाज सुबह जाकर पाकिस्तान के जहाजों को फोड़ देते थे। तब और अब में बहुत फर्क आ गया है। भारत सर्वगुण संपन्न हो गया है। अब तो तनाव की कोई बात ही नहीं है। रात में सायरन बजता है तो सभी लाइटें बंद कर देते हैं। सब मिल-जुलकर रह रहे हैं।

'सरकार इजाजत दे तो युद्ध लड़ने को तैयार' – दरअसल, जब आसमान में चिंगारियां उठ रही होती हैं तो जोश अलग हो जाता है। शेष पेज 2 पर

# मणिपुर के ताफौ कुकी गांव में हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम:** मणिपुर पुलिस, बीएसएफ ओर सीआरपीएफ के सहयोग से स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स ने आज गुरुवार को मणिपुर के सेनापति जिले में स्थित तफौ कुकी गांव में कड़ी तलाशी अभियान चलाया । सूत्रों के अनुसार, अभियान के दौरान टीम ने गोला-बारूद और हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। यह तलाशी खुफिया रिपोर्टों के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें इलाके में कुकी-जो आदिवासियों से जुड़े हथियारबंद लोगों की मौजूदगी का संकेत दिया गया था। यह अभियान लगभग दो घंटे तक चलाया गया था। इसमें कई हथियार बरामद किए गए। इस अभियान में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, क्योंकि संदिग्ध उग्रवादी सुरक्षा बलों को आते देख भाग गए। बरामद किया गया वस्तुओं में एक मैगजीन के साथ एक .22 राइफल, दो बोल्ट एक्शन सिंगल बैरल राइफल, एक मैगजीन के साथ एक 9 एमएम पिस्तौल, सात .22 जिंदा कारतूस, दो 9 एमएम जिंदा कारतूस और 18 खाली 12-बोर कारतूस शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इन वस्तुओं को आगे की जांच और प्रक्रिया के लिए मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया है।

## सुबह की गाड़ी के लिए रात को लाइन:

# तनाव के बीच विमान और बसों का किराया हुआ दोगुना, ट्रेन में जा रही खचाखच भीड़

नई दिल्ली । आलम यह है कि लोग सुबह वाली ट्रेन के लिए रात में ही रेलवे स्टेशन पर इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, बसों में भी मारामारी चल रही है। लोग अपने घरों के लिए रवाना हो रहे हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए हमले के बढ़ते तनाव के चलते दिल्ली में परिवहन सेवाओं पर गहरा असर पड़ा है। सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली से अन्य राज्यों में जाने वाले फ्लाइट, ट्रेन और बसों को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, कई फ्लाइट, ट्रेन और बसों को री-शेड्यूल और उनका रूट डाइवर्ट किया गया है। ऐसे में जो ट्रेन चल रही है, उनमें यात्रियों की भीड़ खचाखच है। साथ ही, इनके टिकट की कीमतों में भी उछाल देखने को मिला है। ऐसे में लोग ट्रेन में खड़े होकर या जमीन पर बैठकर सफर करने को मजबूर हैं।

बसों में मारामारी, टिकट के दाम बढ़ाए- आलम यह है कि लोग सुबह वाली ट्रेन के लिए रात में ही रेलवे स्टेशन पर इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, बसों में भी मारामारी चल रही है। लोग अपने घरों के लिए रवाना हो रहे हैं। ऐसे में बढ़ती मांग के चलते बस चालकों को टिकट की कीमत में वृद्धि करनी पड़ी है। यही नहीं, जो सैलानी कश्मीर, हिमाचल प्रदेश या फिर पंजाब घूमने की योजना बना रहे थे, उन्होंने अपनी योजना को निरस्त कर दिया है।



इन यात्रियों को हो रही अधिक परेशानी- दिल्ली से श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़ अमृतसर, लुधियाना, पटियाला बठिंडा, पठानकोट, शिमला, धर्मशाला, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, ग्वालियर हिंडन और अन्य अंतरराज्यीय तक ट्रेन से सफर करने के लिए यात्रियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन कई घंटे की देरी से चल रही है। साथ ही, ब्लैकआउट के चलते ट्रेनों को रास्ते में रोक रोककर चलाया जा रहा है।

500 का टिकट बिक रहा 1000 का- यही नहीं, इन इलाकों में बस से जाने पर भी यात्रियों को दोगुनी से तीन गुना कीमत चुकानी पड़ रही है। 500 रुपये की टिकट को 1,000 रुपये तक किया गया है। एक ट्रैवल एजेंसी के ट्रैवल एजेंट ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि अपने घर से दूर दूसरे राज्यों से दिल्ली कमाने आए लोग युद्ध की स्थिति को देखते हो हड़बड़ी में अपने घर जा रहे हैं, जिसके लिए वह दोगुनी कीमत भी चुका रहे हैं। वहीं, कई कश्मीर घूमने जाने वाले लोगों ने ऐसी स्थिति में पहले से की अपनी बुकिंग भी निरस्त कराई है। इससे कई ट्रेवल एजेंट को नुकसान हुआ है, लेकिन फिलहाल यही देश के हित में है।

सभी फ्लाइट 10 मई तक रद्द-हमले की स्थिति को देखते हुए सभी एयरलाइंस ने 10 मई को 5 बजकर 30 मिनट तक सभी कई हवाई अड्डों की आने जाने की उड़ाने रद्द कर दी है। इसमें इंडिगो एयरलाइन ने श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर किशनगढ़ और राजकोट के लिए उड़ाने रद्द की है। वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अमृतसर, ग्वालियर, जम्मू, श्रीनगर और हिंडन की उड़ाने रद्द की है। इसके अलावा स्पाइसजेट ने भी मौजूदा स्थिति का हवाला देते हुए श्रीनगर, जम्मू, लेह, धर्मशाला, कांडला और अमृतसर के लिए उड़ाने रद्द की है।

# राज्यसभा सांसद अजीत कुमार भुइयां ने किया सभी से भारतीय सेना के अभियानों में बिना शर्त समर्थन देने का आह्वान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम:** असम से राज्यसभा सांसद अजीत कुमार भुइयां ने सभी भारतीय नागरिकों से पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गए सैन्य अभियानों का बिना शर्त समर्थन करने का आह्वान किया है। यह आह्वान सांसद भुइयां ने मीडिया को भेजे एक बयान में किया । बयान में सांसद ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव का मुख्य कारण 22 अप्रैल का नृशंस आतंकवादी हमला है , जिसमें हमारे देश के 26 निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई। इसमें कोई शक नहीं है कि पेहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। हमारी धरती पर बाहर से आए आतंकवादी बिना किसी कारण के 26 लोगों को झटका देंगे और यह कभी संभव नहीं है कि हम हाथ जोड़कर बैठें। इसलिए 7 मई की सुबह हमारी सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया और मुंहतोड़ जवाब दिया। इस समय हर देशभक्त व्यक्ति को हमारी सेना के पीछे खड़ा होना चाहिए। उनका समर्थन किया जाना चाहिए। हम चाहते हैं कि हमारे सुरक्षा बल आतंकवाद का खात्मा करें। सांसद अजीत कुमार भुइयां ने कहा कि सभी देशभक्त नागरिकों के लिए यह समय की मांग है कि वे हमारी सेना के इस अभियान का बिना शर्त समर्थन करें।



# गर्मी होगी गुल, पैसे बचेंगे फुल: कमाल का कूलर, आठ डिग्री कर देगा रूम टेंपरेचर, एक यूनिट बिजली से चलेगा 10 घंटे

नई दिल्ली । इस एक्सपो की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसमें ज्यादातर मशीनें स्वदेशी हैं। इन मशीनों के बिना किसी उपकरण की कल्पना नहीं की जा सकती। यहां आने पर भारत की मशीन निर्माण के क्षेत्र में ताकत का पता भी चल रहा है।

सिलिकॉन कोटेड ढाई फुट का ब्लोअर 1 यूनिट बिजली से 10 घंटे चलेगा और पल भर में रूम टेंपरेचर 8 डिग्री कर देगा। 1 किलोवाट का महाकाय कूलर 5000 वर्ग फीट लंबे-चौड़े हॉल को शीतल करने में सक्षम है। अत्याधुनिक बंदूकों, नेवल, एयरक्राफ्ट, टैंक, वाहनों के टूल्स बनाने की मशीनें, भारत मंडपम में लगे दिल्ली मशीन टूल एक्सपो 2025 में ऐसी हजारों देशी मशीनों की भरमार है। इसमें 230 एग्जिविटर्स नई तकनीक वाली मशीनों के साथ मौजूद हैं। यहां उद्योग जगत के लीडर्स से मिला जा सकता है। नवाचार के समाधान, भविष्य की योजना बनाई जा सकती है।

12 मई तक चलेगा एक्सपो- इस एक्सपो की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसमें ज्यादातर मशीनें स्वदेशी हैं। इन मशीनों के बिना किसी उपकरण की कल्पना नहीं की जा सकती। यहां आने पर भारत की मशीन निर्माण के क्षेत्र में ताकत का पता भी चल रहा है। मशीन टूल एक्सपो एक बिजनेस टू बिजनेस प्रदर्शनी है, जिसमें टूल्स काटने और टूल्स बनाने की मशीनें, टूल्स, वेल्डिंग की मशीनें प्रदर्शित की गई हैं। भारतीय मशीन टूल मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) ने एक्सपो आयोजित किया है। शुक्रवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव विजय मित्तल ने मशीन टूल एक्सपो का उद्घाटन किया। इस मौके पर आईएमटीएमए के डायरेक्टर राजेन्द्र रजामने भी मौजूद रहे। प्रगति मैदान हॉल 4 और 6 में लगा एक्सपो 12 मई तक चलेगा। सुबह 10 बजे से इसमें जा सकते हैं।

मशीन निर्माण में बदल गई भारत की तस्वीर- भारी उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव विजय मित्तल ने बताया कि मशीन निर्माण के क्षेत्र में भारत की तस्वीर दुनिया में बदल रही है। चीन, जापान, ताइवान, इटली, स्पेन सहित कुल 10 देश मशीन बनाते हैं। भारत इनमें नौवें स्थान पर है। बड़ी बात ये है कि भारत आज इन देशों को भी मशीनें बनाकर दे रहा है।

# पेज एक का शेष...

## फिर चार राज्यों में 26 जगहों पर दिखे पाकिस्तानी ड्रोन

**प्रादेशिक सेना: 75 सालों की सेवा**- प्रादेशिक सेना, जिसे 9 अक्तूबर 1949 को स्थापित किया गया था, ने पिछले साल अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। यह बल न सिर्फ युद्ध के समय देश की सेवा करता है, बल्कि आपदा राहत, पर्यावरण सुरक्षा और मानवीय मदद में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। टीए पूरी तरह से नियमित सेना के साथ जुड़ा हुआ है और इसके जवानों को उनकी बहादुरी और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

**बजट की उपलब्धता पर निर्भर होगी तैनाती**- अधिसूचना में यह भी साफ किया गया है कि इन बटालियनों की तैनाती तभी होगी जब बजट में इसके लिए पैसे उपलब्ध होंगे या फिर आंतरिक बचत से पैसे की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जिन यूनिट्स को रक्षा मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय की मांग पर तैनात किया जाएगा, उसका खर्च संबंधित मंत्रालय ही उठाएगा।

## चार राज्यों में 26 जगहों पर दिखे पाकिस्तानी ड्रोन

पहलगाम हमले पर मिडिल ईस्ट फोरम के शोध निदेशक जोनाथन स्पायर ने कहा कि टीआरएफ- द रेजिस्टेंस फ्रंट, लश्कर-ए-तैयबा और उल-मुजाहिदीन समूहों का हिस्सा है। ये दोनों संगठन इस्लामी आतंकवादी समूह हैं जिनकी विचारधारा और व्यवहार हमास के समान हैं। बेशक कुछ वैचारिक मतभेद हैं, लेकिन मोटे तौर पर वे एक ही क्षेत्र से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि छद्म इस्लामी आतंकी संगठनों का उपयोग करने का पाकिस्तानी तरीका तुर्किये गणराज्य और ईरान द्वारा किए गए समान अभ्यास से मिलता जुलता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर व्यवहार का यह तरीका बिल्कुल अस्वीकार्य है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब आतंकी संगठन पश्चिमी ठिकानों और पश्चिमी नागरिकों को निशाना बनाते हैं, तो उन्हें आतंकी कहने में कोई शर्म नहीं है, लेकिन जब वे गैर-पश्चिमी आबादी को निशाना बनाते हैं, तो तथाकथित निष्पक्षता और तटस्थता की इच्छा और दोनों पक्षों के विचारों को देखना अचानक एजेंडे पर आ जाता है। मुझे लगता है कि यह बहुत गलत है। न केवल यह गलत है, बल्कि यह अच्छी रिपोर्टिंग भी नहीं है क्योंकि मामले का तथ्य यह है कि मौजूदा वृद्धि का कारण पाकिस्तान द्वारा इस्लामी आतंकवादी संगठनों को समर्थन और प्रयोजन है।

भारत और पाकिस्तान के साथ लगातार संपर्क में है अमेरिका : व्हाइट हाउस- व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत और पाकिस्तान के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों से कहा, दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष को कम होते देखना चाहते हैं। अमेरिका दोनों देशों के बीच ताजा हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

26 जगहों पर नजर आए पाकिस्तानी ड्रोन- जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक 26 जगहों पर पाकिस्तानी ड्रोन नजर आए। उत्तर में बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक अंतरराष्ट्रीय सीमा और पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गए हैं। इनमें नागरिक और सैन्य ठिकानों के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाले संदिग्ध सशस्त्र ड्रोन शामिल हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन स्थानों में बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, लक्खी नाला और कच्छ शामिल हैं।

गुजरात के सीमावर्ती गांवों में ब्लैक आउट

गुजरात सरकार ने पाटन जिले के सीमावर्ती संतालपुर तालुका के गांवों में ब्लैकआउट लागू कर दिया है। गुजरात के सीएम ने सभी नागरिकों को अफवाहों से दूर रहने और समय-समय पर प्रशासन द्वारा जारी निदेशों का पालन करने के लिए कहा है।

श्रीनगर हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला- रक्षा अधिकारियों के मुताबिक श्रीनगर हवाई अड्डे पर संदिग्ध ड्रोन हमला हुआ है। जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जैसलमेर में भी पाकिस्तानी ड्रोन को भारतीय वायु रक्षा बल ने रोका।

कटरा में ब्लैक आउट-जम्मू के कई इलाकों में पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने के बाद कटरा में ब्लैक आउट किया गया।

फिरोजपुर पाकिस्तानी ड्रोन के हमले में एक परिवार घायल- फिरोजपुर में एक पाकिस्तानी ड्रोन ने रिहायशी इलाके पर हमला किया। इसमें एक परिवार घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## सीएम योगी बोले- सोशल मीडिया की अफवाहों से बचें... भारत हर हाल में विजयी रहेगा

ट्रेनों में आरपीएफ एस्कॉर्ट बढ़ाया जा रहा है तथा एयरपोर्ट पर बुलेटप्रूफ गाड़ियों से गश्त बढ़ाई गई है। सेना का खुफिया तंत्र भी मुस्तैद हो गया है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 2 दिन में 228 उड़ानें रद्द

9 मई को दिल्ली हवाई अड्डे पर रद्द की गई उड़ानों का विस्तृत ब्यौरा

घरेलू प्रस्थान- 66

घरेलू आगमन- 63

अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान- 05

अंतरराष्ट्रीय आगमन- 04

8 मई को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच व्यस्ततम यात्रा घंटों के दौरान 90 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं और 200 से अधिक विलंबित हुईं। डायल ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ है। हालांकि, हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों और सुरक्षा उपायों के कारण कुछ उड़ानों के कार्यक्रम और सुरक्षा प्रक्रिया समय प्रभावित हो सकते हैं।" दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करता है, जो देश का सबसे बड़ा और व्यस्ततम हवाई अड्डा है।

## अखिलेश यादव की मांग, महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन का हो सार्वजनिक अवकाश

साथ ही कहा कि भाजपा के एजेंडे में न कभी नौकरी रही और न कारोबार। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर गोमती रिवर फ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाई जाएगी, जिसके हाथ में चमकती हुई सोने की तलवार होगी।

एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति के नहीं है, बल्कि सभी के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडे में कारोबार नहीं है, इसलिए सैकड़ों वर्षों से लग रहे मेलों का विरोध कर रही है।

उन्होंने कहा कि जब देश युद्ध में उलझा हुआ है सरकार गुपचुप ढंग से एलओआई (आशय पत्र) जारी कर रही है। उधर, प्रदेश सपा मुख्यालय पर शुक्रवार को क्षत्रियों के प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह और पूर्व सांसद अरविंद सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## राफेल जेट और एस-400 यूं ही नहीं आ जाते', असम सीएम ने जीएसटी को बताया ईश्वर का आशीर्वाद

बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है।'

गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया।

क्या है एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम- एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की उम्मीद है।

राफेल की ताकत है बेजोड़-राफेल लड़ाकू विमान भारत ने फ्रांस से खरीदे हैं। ये विमान महज एक मिनट में 60 हजार फुट की ऊंचाई तक जा सकता है। राफेल की अधिकतम स्पीड 2,130 किमी/घंटा और 3700 किलोमीटर तक मारक क्षमता। अधिकतम भार उठाकर इसके उड़ने की क्षमता 24500 किलोग्राम है। यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। विमान में ईंधन क्षमता 17 हजार किलोग्राम है। यह दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है, जो हर तरह के मिशन में भेजा जा सकता। 24,500 किलो उठाकर ले जाने में सक्षम राफेल लड़ाकू विमान 60 घंटे अतिरिक्त उड़ान की गारंटी देता है। 150 किलोमीटर की दूरी तक इससे दागी जाने वाली मिसाइल दुश्मन की नजर में जल्दी से नहीं आती। साथ ही यह हवा से जमीन पर मार करने में भी सक्षम है। राफेल जेट स्कैल्प मिसाइल से लैस है। स्कैल्प मिसाइल की रेंज 300 किलोमीटर है।

## पाकिस्तान की संसद में शहबाज की औकात पर चर्चा, गीदड़ से की गई तुलना

सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए सांसद खट्टक ने कहा कि भारत के खिलाफ एक भी बयान नहीं आया।

इमरान की पार्टी के नेता ने कहा कि सीमा पर खड़े पाकिस्तानी सैनिकों को उम्मीद है कि सरकार बहादुरी से लड़ेगी। जब आपका नेता बुजदिल (कायर) हो जो मोदी का नाम तक नहीं ले सकता, तो आप सीमा पर लड़ रहे सैनिक को क्या संदेश दे रहे हैं? यह घटना भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के नए स्तर पर पहुंचने के बाद हुई है, जब सेना ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के जवाब में 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सटीक हमले किए थे। इन हमलों में एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोग मारे गए थे। सरकार ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि इस अभियान में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। सैन्य कार्रवाई का लक्ष्य लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित आतंकवादी संगठनों से जुड़े बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था।

## पाकिस्तान स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा...

लेकिन इसका श्रेय हमारे रक्षा बलों को जाता है, उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया। कश्मीर के अनंतनाग में गोला-बारूद डिपो को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोशिश नाकाम कर दी गई। हमने यह स्थिति शुरू नहीं की, पहलगाम में निर्दोष लोग मारे गए, और हमें जवाब देना पड़ा। पाकिस्तान स्थिति को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, और इससे उन्हें किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा। उन्हें अपने हथियार डाल देने चाहिए। उन्हें तनाव बढ़ाने के बजाय डी-एस्केलेशन के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी के कारण सीमावर्ती कस्बे में एक घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि 7 मई को सुबह करीब 6.30 बजे पाकिस्तान की ओर से दागे गए गोले यहां आकर गिरे, जिससे यह घर क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्र है कि इसमें किसी की जान नहीं गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय की स्थिति यह तय करेगी कि स्कूल बंद किए जाने की अवधि को बढ़ाया जाएगा या नहीं और यदि इसे बढ़ाया जाएगा तो कितने समय के लिए ऐसा किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए बृहस्पतिवार को अगले दो दिन के लिए स्कूल बंद करने का आदेश दिया।

## नौ साल का था तब युद्ध देखा', बॉर्डर पर ऐसा है लोगों का जज्बा

ऐसा ही माहौल यहां है, जो लोगों का उत्साह बढ़ा रहा है। सायरन या ब्लैकआउट से लोग डर नहीं रहे हैं बल्कि सतर्क हो रहे हैं। वे देश के लिए मर मिटने को तैयार हैं। इसका अंदाजा मोहम्मद मंजूर कुरैशी से बात करके लगाया जा सकता है। वे कहते हैं- अब हमारी उम्र 70 की हो रही है। लेकिन, अगर सरकार इजाजत देती है तो सीमा पर जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं। पाकिस्तान की नापाक हरकतों को हर हाल में जवाब दिया जाना चाहिए।

लोगों को समझाया -बाड़मेर के करतारपुरा में रहने वाले सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि रात में जब सायरन बजा, तो सभी लाइटें बंद कर दीं। सड़क पर आने-जाने वालों को भी समझाया कि वे वाहनों की लाइटें बंद करें और धीरे-धीरे चलें।

पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा-इससे पहले गुरुवार को तनाव को देखते हुए रात 9 बजे से सुबह 4 बजे तक बाड़मेर में ब्लैकआउट रहा। इसके चलते पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। प्रशासन की अपील पर आमजन ने सहयोग किया। रात 8:50 पर बाड़मेर में सायरन की गूंज शुरू हुई, जो करीब 10 मिनट तक चलती रही। 9 बजते ही पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने और बिजली बंद रखने की अपील की। रात 2:30 बजे के बाद स्थितियां सामान्य हुईं तो प्रशासन की ओर से रेड अलर्ट समाप्त होने की जानकारी दी गई।

सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के अवकाश निरस्त-तनाव के हालात को देखते हुए बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने जिले की समस्त अधिकारियों और कर्मचारी के अवकाश निरस्त कर दिए हैं, साथ ही मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत ने बताया कि जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिले के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश व मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया है। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने पहले से अवकाश ले रखा है, उन्हें भी निरस्त कर दिया गया। सभी को तत्काल अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# आज लोक अदालत में केनरा बैंक पोर्टफोलियो द्वारा एनपीए खाताधारकों को एकमुश्त समाधान का अवसर मिला

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**




उद्देश्य, शनिवार को जिला एवं सत्रह कोर्ट परिसर में आयोजित होने वाली जा रही लोक अदालत में केनरा बैंक के गैर-निष्पादित परिसंपत्ति एनपीए खाताधारकों को एकमुश्त समाधान योजना ओ टीएस के तहत अपने बैंक खाते का दस्तावेजीकरण करने का आश्वासन दिया।

केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुखों ने लोक अदालत में बैंक के एनपीए खाताधारकों के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की जानकारी दी है। इसका उद्देश्य उद्देश्य को सरल, सक्षम और तत्काल प्रक्रिया के माध्यम से समाधान उपलब्ध कराना है।

बैंक ने अपने सभी एनपीए खाताधारकों से अपील की है कि वे इस अवसर का मुख्य लाभ योजना और आर्थिक बोझ से मुक्ति पाएं। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह से सबसे पहले बैंक और ग्राहक दोनों प्रकार को लाभ मिलेगा और ऋणग्रस्तता बस्ती का समाधान राजधानी प्रक्रिया से बाहर सहज रूप में किया जाएगा।

केनरा बैंक ने अपने आदर्श जिले के सभी अमीनों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक ऑनलाइन संपर्क करें और इस लोक अदालत की जानकारी प्राप्त करें और उन्हें मान्यता प्राप्त करने के लिए भाग लें। यह समन्वय लोक अदालत की सफलता में सहायक सिद्ध होगा।

साइंटिफिक है कि इस लोक अदालत को लेकर विशेष उत्सुकता देखने को मिल रही है। बैंक को आशा है कि बड़ी संख्या में खाताधारक इस समाधान योजना का लाभ उठाएंगे और अपने निवेश ऋण का समाधान करेंगे।

# धूमधाम के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

**एनपीटी ब्यूरो**



बागपत। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में महाराणा प्रताप जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई वर्ष 1540 को कुंभलगढ़ में महाराणा उदय सिंह व महारानी जयवंता बाई के घर पर हुआ था। उन्होंने जीवन पर्यन्त भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उन्हें विदेशी शासन कतई मंजूर नहीं था। प्रधानाचार्य सत्येंद्र शर्मा ने बच्चों को बताया कि महाराणा प्रताप ने वर्ष 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध अकबर की ओर से आए महाराज मानसिंह से लड़ा।उन्होंने पूरे जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। डायरेक्टर मनोज कुमार आर्य ने बताया कि महाराणा प्रताप ने 52 किले में से 50 किले आजाद कर लिए थे। चित्तौड़गढ़ के आजाद ने करने का उन्हें मरते समय अब अफसोस रहा। इस अवसर पर शिक्षक योगेंद्र शर्मा राहुल कुमार, सविता, प्रियांशी, रेखा आदि मौजूद रहे।

# धनसिंह कोतवाल जी की प्रतिमा पुलिस मुख्यालय में लगवाने का प्रयाय करूंगा- आशीष पटेल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मेरठ। क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ द्वारा धनसिंह कोतवाल जी की संघर्ष गाथा एवं शहादत को नमन राष्ट्र संगोष्ठी कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि धनसिंह कोतवाल जी की प्रतिमा पुलिस मुख्यालय लखनऊ में लगाई जाए । इसमें मैं सहयोग करूंगा तथा अपनी निधि से 25 लाख रुपए किसी भी चौराहे जिसका नाम धनसिंह कोतवाल चौक हो उसके सौंदर्य करण के लिए दूंगा। राज्य सरकार के स्तर से जो भी मांग शोध संस्थान करेगा उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा । उन्होंने कहा कि धनसिंह कोतवाल जी का बलिदान और सरदार वल्लभभाई पटेल जी का योगदान बेकार नहीं जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक धनसिंह कोतवाल जी के प्रपोत्र तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि शोध संस्थान द्वारा विगत 11 वर्षों में 86 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और इस कार्यक्रम का उद्देश्य धनसिंह कोतवाल जी के संघर्षगाथा और शहादत को नमन करना है, साथ ही सात सूत्री मांग सरकार के समक्ष रखना है । जैसे धनसिंह कोतवाल जी का चित्र भारतीय संसद, उत्तर प्रदेश के सभी थानों में लगाया जाए, पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर भवन लखनऊ में धनसिंह कोतवाल जी की प्रतिमा लगाई जाए और विभिन्न पाठ्य पुस्तकों में धन सिंह कोतवाल जी को शामिल किया जाए आदि की मांग रखी।


अतिविशिष्ट अतिथि डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि क्रांतिनायक किसी एक जाति का नहीं होता। धनसिंह कोतवाल जी ने बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी है। इसलिए हम सभी को एक साथ मिलकर उन्हें नमन करना चाहिए । उन्होंने आगे कहा कि मेरठ से बाहर भी धन सिंह कोतवाल जी के नाम चौक या प्रतिमाएं लगाने का कार्य करेंगे।

मेरठ नगर निगम महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने कहा कि मेरी प्राथमिकता धनसिंह कोतवाल जी के नाम पर वेदव्यास पुरी में क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल क्रांति धरा पार्क बनवाने की है और उसके लिए मैं प्रयास कर रहा हूं।

राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने जी ने जो भी आश्वासन दिया है। उन सबको मेरा समर्थन है और उन्हें पूरा करने का प्रयास करूंगा।

# यूपी-एग्रीस और एआई प्रज्ञा कार्यक्रम लॉन्च, सीएम योगी बोले- यूपी बैरियर नहीं... भारत का ग्रोथ इंजन है

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



लखनऊ । राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री से विश्व बैंक अध्यक्ष अजय बंगा और उनकी टीम ने मुलाकात की। यूपी में यूपी-एग्रीस और एआई प्रज्ञा कार्यक्रम लॉन्च किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने में विश्व बैंक की अहम भूमिका रही है। पूर्वांचल-बुंदेलखंड के 28 जिलों के 319 ब्लॉक को यूपी-एग्रीस कार्यक्रम का फायदा मिलेगा। यूपी-एग्रीस कार्यक्रम के तहत 2737 करोड़ का ऋण वर्ल्ड बैंक ने स्वीकृत किया है।

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने प्रदेश में यूपी-एग्रीस और एआई प्रज्ञा कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके जरिये पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। 10 लाख किसानों को इसका फायदा होगा। 'एआई प्रज्ञा' के जरिये उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर विकसित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा।

दोनों कार्यक्रम लॉन्च करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं बल्कि भारत का ग्रोथ इंजन है। दोनों ही कार्यक्रम प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार करेंगे। उन्होंने यूपी-एग्रीस प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताते हुए कहा कि इससे प्रदेश में कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री आवास पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात के दौरान सीएम ने कहा कि विश्व बैंक हमेशा उत्तर प्रदेश की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरा है। चाहे पर्यावरण संरक्षण हो, प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना हो या फिर अवस्थापना से जुड़ी परियोजनाओं का संचालन हो, विश्व बैंक हमेशा महती भूमिका निभाता है।

10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा-यूपी एग्रीस प्रोजेक्ट चार हजार करोड़ की परियोजना है। इसमें से 2737 करोड़ रुपये का ऋण विश्व बैंक की ओर से छह वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध कराया है। यूपी एग्रीस परियोजना से प्रदेश के किसानों, कृषक संगठनों, मत्यस्य पालकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी एमएसएमई इकाइयों को सीधा लाभ होगा। 10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा 500 किसानों को सर्वोत्तम कृषि तकनीक की जानकारी के लिए विदेशों में भेजा जाएगा। परियोजना के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिले श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, संतकबीर नगर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ आदि जिलों के किसान लाभान्वित होंगे।

**जल्द लॉन्च होगा सीएम पोषण मिशन**

योगी ने प्रदेश में बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए नए मिशन को जल्द लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा कि सीएम पोषण मिशन में छह महीने से छह साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इस दिशा में स्वयंसेवी संस्थाएं भी अपनी भूमिका निभाएंगी।

**'एआई प्रज्ञा' से 10 लाख युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

'एआई प्रज्ञा' योजना के तहत 10 लाख युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स एवं साइबर सिक्योरिटी में प्रशिक्षित कर सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, राजस्व और सचिवालय प्रशासन जैसे विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल, एचसीएल, वाधवानी फाउंडेशन, अमेजन, गूगल और 1एम1बी जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां योगी सरकार के साथ मिलकर अपस्किलिंग प्रोग्राम चलाएंगी।

# डिफेंस कॉरिडोर में 30 हजार करोड़ के 170 एमओयू हुए, 50 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना

लखनऊ। पाकिस्तान के साथ मौजूदा संबंधों को देखते हुए भारत अपनी हर आवश्यक रक्षा जरूरतों को पूरा कर रहा है। निकट भविष्य में भारत की इन सभी जरूरतों को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। यूपी में डिफेंस कॉरिडोर में 30 हजार करोड़ के 170 एमओयू किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न सिर्फ रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, बल्कि प्रदेश में रोजगार सृजन का भी मजबूत आधार तैयार कर रहा है। इस कॉरिडोर के तहत अब तक 170 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश आकर्षित किया गया है। इससे लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत अब तक 57 निवेशकों को भूमि पट्टे पर आवंटित की गई है, जो अपनी उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के विभिन्न चरणों में हैं। इन इकाइयों के माध्यम से 9462.8 करोड़ रुपए का निवेश जमीनी स्तर पर साकार हो चुका है, जिससे 13,736 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पहला पट्टा जून 2021 में निष्पादित किया गया था और मात्र चार वर्षों से कम समय में 57 उद्योग इस कॉरिडोर में अपनी सुविधाएं विकसित कर रहे हैं।

आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार बन रहा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर- उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है, बल्कि भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कॉरिडोर में स्थापित होने वाली इकाइयां भारतीय सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक उपकरण और हथियारों का निर्माण करेंगी, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी।



योगी सरकार का लक्ष्य कॉरिडोर के सभी नोड्स में निवेश और रोजगार के अवसरों को और विस्तार देना है। इसके अलावा, आगरा और चित्रकूट नोड्स में भी जल्द ही भूमि आवंटन और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया तेज की जाएगी। यह कॉरिडोर न केवल प्रदेश को औद्योगिक हब के रूप में स्थापित कर रहा है, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोल रहा है। यह मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने की दिशा में भी एक ठोस कदम है।

झांसी से अलीगढ़ तक निवेश की बयार- कॉरिडोर के छह नोड्स (लखनऊ, अलीगढ़, कानपुर, झांसी, आगरा और चित्रकूट) में निवेश और रोजगार सृजन की व्यापक योजना कार्यान्वित हो रही है। प्रत्येक नोड में विशिष्ट रक्षा उत्पादों के निर्माण की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है।

**झांसीः विस्फोटक और गोला-बारूद का केंद्र**

झांसी नोड में 16 कंपनियों को 531.09 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिसके तहत 4372.81 करोड़ रुपए का निवेश और 2928 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रस्तावित है। यहां विस्फोटक, गोला-बारूद, प्रणोदन प्रणाली, और मिड-कैलिबर इन्फैन्ट्री हथियारों के लिए मोबाइल प्लेटफॉर्म जैसे उद्यम स्थापित होंगे।

**कानपुरः छोटे हथियार और बुलेटप्रूफ जैकेट**

कानपुर नोड में 5 कंपनियों को 210.60 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिससे 1758 करोड़ रुपए का निवेश और 2200 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां छोटे, मध्यम और बड़े साइज के गोला-बारूद, बुलेटप्रूफ जैकेट, विशेष कपड़े, और छोटे हथियारों की इकाइयां स्थापित की जा रही हैं।

**अलीगढ़ः ड्रोन और काउंटर ड्रोन का हब**

अलीगढ़ नोड में सर्वाधिक 24 कंपनियों को 64.001 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिसमें 1921 करोड़ रुपए का निवेश और 5618 लोगों को रोजगार प्रस्तावित है। यह नोड ड्रोन, लोइटरिंग गोला-बारूद, काउंटर ड्रोन सिस्टम, सटीक उपकरण, मेक्ट्रोनिक्स, छोटे हथियार, और रडार निर्माण का केंद्र बन रहा है।

**लखनऊः ब्रह्मोस मिसाइल का गढ़**

लखनऊ नोड में 12 कंपनियों, जिनमें ब्रह्मोस एयरोस्पेस भी शामिल है, को 117.35 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इससे 1411 करोड़ रुपए का निवेश और 2930 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां विश्व की सबसे शक्तिशाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के अलावा मिसाइल सिस्टम, गोला-बारूद, रक्षा पैकेजिंग, ड्रोन, और छोटे हथियारों का निर्माण होगा।

# दुनिया ने सुनी 'सिंदूर' शब्द की अनसुनी गूंज, अब केवल विवाह की पहचान नहीं... राष्ट्रीयता का प्रतीक भी बना

लखनऊ । दुनिया ने 'सिंदूर' शब्द की अनसुनी गूंज सुनी। पहलगाम हमले के बाद सेना की कार्रवाई से 'सिंदूर' शब्द विवाह से हटकर भी चर्चा में आया। अब यह केवल विवाह की पहचान नहीं, बल्कि राष्ट्रीयता का प्रतीक भी बन गया है। पहलगाम में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को तबाह कर दिया। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया। इससे दुश्मनों के दिल दहल उठे। इस अभियान के बाद 'सिंदूर' शब्द ने एक नया अर्थ ले लिया है। अब यह केवल विवाह की पहचान नहीं, बल्कि राष्ट्र के जज्बे का प्रतीक बन गया है।

गूगल ट्रेंड्स के आंकड़ों के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' की घोषणा के 24 घंटे के भीतर 'सिंदूर' शब्द भारत में 20 लाख से अधिक बार खोजा गया। सर्च में 750% से बढ़ोतरी ने यह दिखा दिया कि लोग इस नाम के पीछे के गहरे अर्थ को समझना चाहते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' मीनिंग और 'सिंदूर सिग्नीफिकेंस इन इंडिया' जैसे वाक्यांश ट्रेंडिंग टॉपिक बन गए। देश-विदेश में लगातार ये वाक्यांश सर्च किए जा रहे हैं। ऐसे में पहली बार सिंदूर शब्द ने पूरे देश के घावों को जोड़ने, क्रोध को साहस में बदलने और आंसुओं को विजय के संकल्प के साथ जोड़ने का काम किया है। भारत ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि सिंदूर की रक्षा की बात आएगी तो हम किसी भी हद तक जाने से हिचकिचाएंगे नहीं।

# गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में गेटवे कैबिनेट को दिलाई गई शपथ




बागपत। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में गेटवे कैबिनेट के शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत गेटवे कैबिनेट ने अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करने तथा विद्यालय के अनुशासन का अनुपालन करने की शपथ ली।

गेटवे कैबिनेट में 30 छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया, जिन्हें सुपर-30 का नाम दिया गया। इस अवसर पर कैबिनेट के सदस्य को उनके बैच देने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस वाला इंसान के नाम से प्रसिद्ध विक्रांत चौहान (दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच) व ग्रोवल स्कूल के फाउंडर विश्वास चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विक्रांत चौहान व विश्वास चौधरी का स्वागत गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह व प्रधानाचार्य अमित चौहान के द्वारा बुग्गे देकर किया गया। साथ ही विद्यालय की गर्ल्स प्लाटून व बैंड ने उन्हें सलामी दी। मुख्य अतिथियों ने गर्ल्स प्लाटून व बैंड की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि विक्रांत चौहान ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि हम भविष्य में किसी भी ऊंचाई को छू ले, इससे पहले हमें एक अच्छा इंसान बनने की आवश्यकता है।

वही विश्वास चौधरी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में विभिन्न विपरीत परिस्थिति आती हैं, जिनमें हमें अपने कदम नहीं डगमगाने देने चाहिए। इसके उपरांत आर्ट एंड क्राफ्ट में सराहनीय कार्य करने पर मनोरमा शर्मा, प्रसन्नता राज, मीनू जैन, नताशा शर्मा, शताक्षी शर्मा, पूनम सिंह, सुमन तोमर को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संजय शर्मा, अजय राणा, प्रतिभा राज, सवेरा जैन, मनोरमा, रुचि डबास व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# संपादकीय

## बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय संकल्प

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुरक्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दशार्ता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की। विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दशार्यी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना-बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता। हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बौखलाए पाकिस्तान ने हताशा में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर मौत और विनाश का तांडव मचाया है। पुंछ सेक्टर में भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई। वहीं सीमावर्ती इलाके के गांवों में बड़ी संख्या में घर क्षतिग्रस्त हो गए। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद उस संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया है जिसे 2021 में नये सिरे से लागू किया गया था। पाकिस्तान सेना ने बेशर्मी से नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है। जबकि भारतीय सेना ने अपनी जिम्मेदारी के साथ हमलों को पाकिस्तान और पीओके में आतंकी बुनियादी ढांचे के स्थलों तक ही सीमित रखा था। यह तय है कि भारत की सधी और नियंत्रित कार्रवाई ने पाक के साथ-साथ उसके क्षेत्र से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों को हिलाकर रख दिया है।

# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य

**प्रारंभ से ही यहाँ मातृशक्ति की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया।**

**एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं।**

## विश्व मातृ दिवस- 11 मई, 2025



मदर्स डे या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है।

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दशार्ता है।

मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है।

भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये मातृ देवो भवः यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ मातृशक्ति की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया।

एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महान व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है। जबकि वस्तुस्थिति तो यह है कि माँ की गोद उसे नसीब होती कहाँ है? कुक्षि से बाहर आते ही उसे अलग पालने में सुला दिया जाता है। सोता है तो दूध की बोतल उसके मुँह से लगा दी जाती है। उसका लालप-पालन या देखरेख नर्स या आया के द्वारा होती है अथवा डे केयर सेंटर, बेबी केयर सेंटर में भेजकर कर्तव्यपूर्णता का लेबल लगा दिया जाता है। दो-ढाई वर्ष का होते ही नर्सरी में कम्प्यूटर द्वारा उसे अक्षर-बोध प्राप्त होता है। कुछ बड़ा होते ही उसे होस्टल में प्रविष्टि दिला दी जाती है। कितनी आधुनिक माताएँ तो ऐसी हैं जिन्हें अपने बच्चों से संवाद स्थापित करने का क्षण भी उपलब्ध नहीं होता। करें भी कैसे ? उन्हें अपने निजी कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं है।

तब भला वह कैसे उन्हें बात-बात में तत्त्वबोध दें? कब मीठी-मीठी प्रेरक लोरियाँ सुनाकर संस्कारों की सौगात सौंपे? किस माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक मान-मयार्दाओं की अवगति दें? कैसे जीवन में धर्म की उपयोगिता का अहसास

## राणा का वंशज – एक विस्तारित कविता

**लेखक**
**डॉ दिनेश बंसल बड़ौत।**
**(महाराणा प्रताप जयंती पर समर्पित)**

कब तक बोझ संभाला जाए,
आतंक का तमाशा देखा जाए?
सीमाओं पर सन्नाटा गूंजे,
और भीतर भय पलाया जाए?
द्वंद्व कहां तक पाला जाए,
शांति के नाम पर धोखा खाया जाए?
धैर्य की सीमा टूट चुकी अब,
क्यों अपमान का जल पीया जाए?
दूध छीन बच्चों के मुख से,
क्यों नागों को पाला जाए?
जो अपने ही घर को जला बैठें,
उन्हें क्यों समझाया जाए?
दोनों ओर लिखा हो भारत,
फिर सिक्का वही उछाला जाए –
सच्चाई का, निडरता का,
एक नया इतिहास लिखा जाए।
तू भी है राणा का वंशज,
फेंक जहां तक भाला जाए –
रण में गर्जे मेवाड़ की गूंज,
जहां जयघोष दुश्मन को डगमगाए।
इस बिगड़ैल पड़ोसी को तो,
अब शीशे में ढाला जाए –
जिसने भाईचारे का विश्वास तोड़ा,
उसे फिर से आईना दिखाया जाए।
तेरे मेरे दिल पर ताला –
राम करें वो ताला जाए।
द्वेष के सारे कपाट खुलें,
प्रेम का संचार बहाया जाए।
वाहिद के घर दीप जले तो,
मंदिर तलक उजाला जाए –
ये नफरत की दीवारें टूटें,
और हर ओर बस उजियाला छाए।
कब तक बोझ संभाला जाए?
कब तक हम शांति की माला जपें?
जब सत्य का अपमान हो निरंतर,
तब युद्ध कहां तक टाला जाए?
हे राणा के वीर वंशज,
अब भी क्या सोया जाए?
फेंक जहां तक भाला जाए –
अब रणभूमि में उतरा जाए।
महाराणा प्रताप जयंती की वीरता,
स्वाभिमान और देशप्रेम को प्रणाम।

# चीन से रिश्तों को लेकर सजगता जरूरी

भारत-चीन संबंध सुधारने की दिशा में प्रगति हुई है। देपसांग और डेमचोक से चीन पीछे हटा हैव बाकी जगह में सीमित तौर पर। वहीं डब्ल्यूएमसीसी का दावा है कि 2020 में उभरे मुद्दों को सुलझा लिया गया है। बेशक टकराव टला है व तनाव घटा है लेकिन पूर्व की यथास्थिति बहाली बाकी है।

बीती एक अप्रैल को भारत-चीन संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चीनी राजदूत जू फेइहोंग और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी द्वारा मिलकर केक काटना ह्यरिश्ते सामान्य हैं का आभास पेश करना था। चूंकि चीन की प्रवृत्ति केवल अपना हित साधने की रही है, इसलिए यह उम्मीद न के बराबर थी कि विरासत समझकर कब्जाए देपसांग और डेमचोक को वह पूरी तरह छोड़कर पीछे हटेगा। लेकिन उसने ऐसा किया। यह प्रसंग चार अन्य टकराव बिंदुओं से सीमित रूप से पीछे हटने के अलावा है। तो 2024 की जुलाई और अक्तूबर माह के बीच देपसांग और देमचोक में उसके पीछे हटने को किसने उत्प्रेरित किया होगा? कहीं इसके पीछे कारण ट्रम्प का जीतना तो नहींङ्ग शायद है। जहां एक ओर अमेरिका चीन पर अपना ध्यान केंद्रित करने की खातिर रूस के साथ संबंध बेहतर करना चाहता है, वहीं चीन भी अमेरिका पर फोकस करने को भारत से संबंध सुधारना चाहेगा।

3 मार्च को लेक्स फ्रिडमैन के साथ अपने लंबे पॉडकास्ट में, मोदी ने कहा हमने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद सीमा पर स्थिति को सामान्य होने की तरफ लौटते देखा है। हम अब 2020 से पहले जो यथास्थिति सीमा पर थी, उसकी बहाली के लिए काम कर रहे हैं। इसमें समय लगेगा। कजान में किस नए जादुई मंत्र ने नेताओं का मार्गदर्शन टकराव टालने में किया, वह अज्ञात है। संसद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया था कि संबंधों के अन्य हिस्से का सामान्यीकरण सीमा तनाव के समाधान पर निर्भर करेगा। देमचोक और देपसांग में पीछे हटने का काम पूरा हो चुका है, जबकि पैंगोंग त्सो के उत्तर और दक्षिण के अन्य क्षेत्रों में, पीछे हटना अस्थायी और सीमित प्रकृति (बफर जोन) का रहा। उन्होंने कहा कि अगला कदम तनाव घटाने और फौज तैनाती कम करने का होगा।



संबंधों में लगभग सामान्यीकरण हो चुका है यह बताने में जल्दबाजी दिखाकर भारत ने चाहे-अनचाहे चीनी विदेश मंत्री वांग यी की उस सलाह को मान लिया लगता है, जिसमें कहा गया था कि 2005 में बनी सहमति के मुताबिक द्विपक्षीय संबंधों में सीमा विवाद का मुद्दा यथेष्ट मौके के लिए छोड़ा जाए (जिसे भारत तथ्यात्मक रूप से गलत बताता है)। जयशंकर का यह बयान कि सीमा पर स्थिति का सामान्य होना द्विपक्षीय संबंधों की हालत को प्रतिबिंबित करता है, वांग की कही पर मुहर लगाता प्रतीत होता है। इस कूटनीतिक भाषा की बारीकी से इतर, 21 अक्तूबर को बनी सहमति के दो दिन बाद यानी 23 अक्तूबर को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह बयान अधिक वास्तविकता भरा था- कुछ हद तक गतिरोध बरकरार है; वांछित अंतिम स्थिति तभी बनेगी, जब अप्रैल 2020 से पूर्व की यथास्थिति बहाल हो जाएगी। लेकिन विदेश मंत्रालय फिर भी अड़ा रहा कि सेना प्रमुख ने जो कहा और उसके बयानों के बीच कोई विरोधाभास नहीं। जबकि विरोधाभास अनेक हैं जहां 32 दौर के विचार-विमर्शों के बाद डब्ल्यूएमसीसी का यह दावा करना कि 2020 में उभरे तमाम मुद्दों को सुलझा लिया गया है वहीं जयशंकर ने संसद को बताया कि चीन दो जगहों से पूरी तरह पीछे हटा है और बाकी जगह में सीमित तौर पर, इन दोनों बयानों में फर्क साफ है। इसी प्रकार, विशेष प्रतिनिधियों के बीच 23वें दौर की वार्ता फिर शुरू होने के बाद चीन का कहना कि छह-सूत्रीय सहमति बन गई है वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा घोषित स्थिति के बीच फर्क था। गत 21 अक्तूबर के समझौते के बाद वांग ने कहा कि यह सीमा पर बनी आमने-सामने की स्थिति का पटाक्षेप है और सीमा संबंधी विवाद को द्विपक्षीय संबंधों से अलग रखकर बरता जाना चाहिए। चीन में भारत के पूर्व राजदूत और 1996 में चीन के साथ बनी आचार संहिता में एक वातार्कार रहे अशोक कांठा का कहना है कि बफर जोन नामक नई अवधारणा बीच में घुसेड़ दी है, क्योंकि पहले से लंबित विवाद -बाराहोती 1956 और सुमदोरोंग चू 1997- में बफर जोन जैसी चीज जरूरी नहीं मानी गयी थी। ऐसा लगता है भारत भी सीमा को लेकर चीनी शब्दावली बरतने को राजी हो गया। एलएसी के बजाय केवल सीमा कहना और पुरानी स्थिति की पुनर्बहाली की जगह तनाव घटाने और सैनिक तैनाती संख्या में कमी लाने जैसे शब्द बरतने लगा है, जबकि चीनियों ने ये शब्द कभी इस्तेमाल नहीं किए क्योंकि उन्हें ये लागू करने ही नहीं।

आमने-सामने के टकराव वाली स्थिति बनने के बाद, गलवान प्रसंग में चीन को क्लीन चिट देने की शुरूआती गलती के उपरांत भी कई मौकों पर अजीब ही स्थिति बनी , जब कहा गया , न तो कोई हमारे इलाके में घुसा है, न ही हम किसी के क्षेत्र में गए हैं। किसी प्रकार का इलाकाई नुकसान न होने के दावों के बावजूद लगभग 2000 वर्ग किमी भूमि चीनी कब्जे में है। वर्ष 1956 में किए अपने दावों के अनुरूप चीन ने देमचोक से देपसांग तक की सीमा पर कई जगह घुसपैठें की हैं और कुछ टकराव बिंदुओं पर बफर जोन स्थापित कर दिए हैं जो कि मुख्यतः वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय हिस्से की तरफ हैं और देपसांग और देमसोक में समन्वित गश्त की अनुमति नहीं दी। सवाल यह बाकी है कि 65 गश्ती क्षेत्रों में कितने में हमें जाने दिया जा रहा, 2020 से पहले की यथास्थिति बहाली पर अगले कदम कितनी जल्दी उठाए जाएंगे; घोर खुफिया विफलताओं की किसकी जवाबदेही है आदि।

# मुरादाबाद में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती, गूंजे वीरता के जयघोष

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। सुबह प्रभात मार्केट से शुरू हुई भव्य बाइक रैली ने पूरे शहर का ध्यान खींचा। बग्घियों ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा महाराणा प्रताप की गाथा का संदेश देते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचे

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर शहर का माहौल देशभक्ति और गर्व से ओतप्रोत रहा। विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजपूत समाज के लोगों ने पूरे सम्मान और उत्साह के साथ उनका जन्मदिवस मनाया।

महाराणा प्रताप की गाथा का संदेश देते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचे



सुबह प्रभात मार्केट से शुरू हुई भव्य बाइक रैली ने पूरे शहर का ध्यान खींचा। बग्घियों, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवा महाराणा प्रताप की गाथा का संदेश देते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचे, जहां प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के बलिदान, स्वाभिमान और शौर्य पर प्रकाश डाला। करनी सेना ने अलग कार्यक्रम में महाराणा की तलवार और उनके अदम्य साहस की गाथा साझा की। वक्ताओं ने युवाओं से महाराणा प्रताप के सिद्धांतों पर चलने की अपील की और संगठित रहने का संदेश दिया।

**कौन थे महाराणा प्रताप**

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। वे मेवाड़ के राजा महाराणा उदयसिंह द्वितीय और रानी जयवंता बाई के पुत्र थे। उनका बचपन भील समुदाय के साथ बीता, जहाँ उन्होंने युद्ध कौशल और घुड़सवारी की शिक्षा प्राप्त की। भील उन्हें स्नेहपूर्वक कीका कहकर पुकारते थे।

# सेनानी संगठन ने डीएम ऑफिस पर लहराया तिरंगा और सेना को दी सलामी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। संगठन ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में चल रहे ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ के लिए भारत सरकार व भारतीय सेना को धन्यवाद पत्र सौंपा।

अभी तो आपरेशन सिंदूर की शुरूआत हैधन्यवाद पत्र में बताया गया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। हमले के दौरान आतंकियों ने परिवारों के सामने पुरुषों से उनका धर्म पूछकर उन्हें बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद भारत सरकार ने सेना को खुली छूट देते हुए ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ की शुरूआत की, जो अभी भी जारी है।

संगठन ने पत्र में लिखा कि भारतीय सेना ने अत्यंत साहस और सूझबूझ के साथ आतंकियों का सफाया किया, और एक-एक आंसू का बदला बिना किसी नागरिक को नुकसान पहुँचाए लिया। संगठन ने सेना की इस वीरता की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है।

जिला अधिकारी कार्यालय में धन्यवाद पत्र सौंपने वालों में पूनम चौहान, राजेश कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप शर्मा, अजब सिंह, कुशल पाल सिंह, इशरत उल्ला खान, अमित शर्मा, और धवल दीक्षित सहित कई संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में भारतीय सेना के साहस को सलाम किया और देशभक्ति का परिचय दिया।

# दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पति से अनुदान हेतु ऑनलाइन करें आवेदन.



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली । जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांग जनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत ऐसे दिव्यांग दम्पति जिनका विवाह वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा इस वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। उन्हें निम्न प्रकार से अनुदान दिये जाने का प्रावधान है, शादी करने पर वर के दिव्यांग होने पर रुपए 15000/- वधू के दिव्यांग होने पर रू0 20000/- एवं वर-वधू दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000/- पुरस्कार स्वरूप अनुदान दिया जाता है। अतः ऐसे पात्र दिव्यांग दम्पति ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदन दम्पति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आयु प्रमाण पत्र, (यू0डी0आई0डी0 कार्ड), शादी का कार्ड, अधिनिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख सहितhttp://www.divyangjan.upsdc.gov.in पर दिनांक 31 अगस्त 2025 ऑनलाइन कर सकते है तथा ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त हार्डकॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कक्ष संख्या 04 विकास भवन, बरेली में उपलब्ध करायें। किसी अन्य प्रकार की सहायता हेतु कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते है।

# तेंदुए के हमले में युवक गंभीर घायल, वन विभाग की लापरवाही उजागर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव नक्शंदाबाद में तेंदुए के हमले से सनसनी फैल गई। आज सुबह एक युवक पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

विभाग की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई गांववासियों के अनुसार, तेंदुए को इससे पहले भी कई बार गांव और आसपास के इलाकों में देखा जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई, लेकिन विभाग की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

स्थानीय लोग अब दहशत में हैं और उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और गांव में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# नगर निगम में आपत्तियों का निस्तारण धीमा, भवन स्वामी परेशान




**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। नगर निगम के हाउस टैक्स विभाग की लापरवाही के कारण बिलों को लेकर आई आपत्तियों का निराकरण कई माह तक अटकाया जा रहा है। इसको लेकर पार्षद ने नगर आयुक्त से शिकायत करते हुए कहा है कि लोग परेशान हो रहे हैं और राजस्व की क्षति हो रही है।

हाउस टैक्स को लेकर हर रोज दस से पंद्रह आपत्तियां आ रही हैं, मगर निस्तारण की स्थिति बेहद धीमी है। इस वजह से बिल सुधार कराने के लिए भवनस्वामियों को नगर निगम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। भवनस्वामियों को चिंता है कि जिस रफ्तार से बिलों में सुधार किया जा रहा है, उससे उन्हें आने वाले समय में दस प्रतिशत मिलने वाली छूट से वंचित होना पड़ सकता है।

कई ऐसे भवनस्वामी हैं, जिनकी आपत्तियों का निराकरण एक माह बाद भी नहीं हो पाया है। इसको लेकर बृहस्पतिवार को पार्षद सतीश चंद्र कातिब मम्मा ने नगर आयुक्त को शिकायती पत्र देकर समस्या के निदान की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया है कि टैक्स विभाग के एक अधिकारी की हठधर्मिता से लोग परेशान हो रहे हैं। उनके वार्ड में ही 19 मामले एक माह से अधिक समय से लंबित हैं। जिनके बिलों का सुधार नहीं हो पर रहा है।

# चालान हो या ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना, अब 'H' लिखने पर मिलेगी जानकारी




**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। ड्राइविंग लाइसेंस, चालान या फिर वाहन रजिस्ट्रेशन जैसे काम से संबंधित जानकारी के लिए अब आरटीओ के चक्कर नहीं काटने होंगे। इसके लिए परिवहन विभाग ने आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित चैटबाट नंबर 8005441222 शुरू किया है। इस व्हाट्सएप नंबर पर परिवहन विभाग से जुड़ी जरूरी जानकारी और सेवाएं सिर्फ हाय भेजकर मिल जाएंगी। यह सेवा 24 घंटे चालू रहेगी।

बरेली के एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार ने बताया कि हाल ही में परिवहन निगम ने उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए व्हाट्सएप चैटबाट की सुविधा शुरू की है। इससे उपभोक्ता वाहन पंजीकरण से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, फिटनेस, परमिट और नियमों के उल्लंघन पर होने वाले चालान की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। लोगों को छोटी-छोटी जानकारी प्राप्त करने के लिए परिवहन विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# अमरोहा में अंगूठा लगवाकर भी राशन नहीं दे रहा था कोटेदार, दुकान निरस्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**

**अमरोहा ' उ. प्र**

अमरोहा। पूर्ति विभाग की शिकायतों का दौर कम नहीं हो रहा है। कार्डधारकों से ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाकर कोटेदार राशन नहीं दे रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद डीएम ने कोटेदार की दुकान को निरस्त कर दिया है। साथ ही इस तरह के मामलों को लेकर डीएसओ से कड़ी नाराजगी जाहिर की

मामला जोया ब्लॉक के गफ्फारपुर का है। डीएम को शिकायत मिली कि राशन डीलर चमन सिंह कार्डधारकों से पिछले तीन माह से कार्डधारकों से ई-पॉश पर अंगूठा तो लगवा रहा है, लेकिन राशन नहीं दे रहा है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद उसकी जमानत राशि का शासन पक्ष में जब्त करते हुए दुकान को निरस्त करने की कार्रवाई कर दी



उन्होंने कहा कि पूर्ति विभाग में किसी भी तरह की गड़बड़ियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी राशन डीलर द्वारा कार्डधारकों को सरकार द्वारा मिलने वाले निशुल्क राशन में लापरवाही बरती गई। साथ ही किसी भी राशन की दुकान पर यदि घटतौली की शिकायत मिली तो राशन डीलर पर उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु विक्रय वितरण नियंत्रण विनियमन आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए दुकान निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी

# बिजली के पोल खड़े करते समय 11000 की लाइन से टकराया पोल दो मजदूर घायल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहाबाद से टांडा की ओर 11000 की लाइन के लिए बिजली के पोल ठेकेदार की ओर से मजदूरों द्वारा लगाए जा रहे थे दोपहर में सिरौली शाहाबाद मार्ग पर न्यू शाहाबाद कॉलोनी के सामने मजदूर बिजली के पोलो को ट्रैक्टर की सहायता से खड़ा कर रहे थे जिसमें मिली जानकारी के अनुसार राजीव व सुरेंद्र निवासी ग्राम



ढाकुरिया ने 11000 की लाइन का शटडाउन लेकर शटडाउन वापस ले लिया और उसके बाद एक बिजली का पोल खड़ा करने लगे पोल झुकने पर 11000 की लाइन पर टकरा गया जिस पोल में करंट उतरने पर दोनों मजदूर राजीव व सुरेंद्र घायल हो गए और 11000 का करंट उतरने से ट्रैक्टर के टायर फट गए बताया जाता है कि राजीव बस सुरेंद्र दोनों सगे भाई हैं घायल राजीव सुरेंद्र को तुरंत शाहाबाद सीएससी लाया गया और डॉक्टर ने उपचार कर घर को भेज दिया '

# आईपीएल स्थगित होने पर क्या बोले क्रिकेटर मोहम्मद शमी?

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**

**अमरोहा ' उ प्र**

भारत-पाक तनाव के बीच आईपीएल स्थगित होने पर क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने सरकार और बीसीसीआई के फैसले को सही बताया। उन्होंने कहा कि देश और नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहले है। शमी ने कहा कि हालात सुधरने पर आईपीएल का आयोजन फिर से होगा। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों को सलाम करते हुए कहा कि देशवासी दुश्मनों को जवाब देना जानते हैं

देश व नागरिकों की सुरक्षा पहले हालात ठीक होने पर आयोजन शमी ने सेना का किया उत्साहवर्धन भारत-पाक तनाव के बीच आईपीएल स्थगित किए जाने पर क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने इसे सरकार व बीसीसीआइ का उचित फैसला बताया है। उन्होंने कहा है देश व देश के नागरिकों की सुरक्षा पहले है। हालात ठीक होने के बाद निश्चित इसका आयोजन फिर से होगा।




उन्होंने कहा कि मेरे देश की सेना कोई भी दुश्मन हो उसका जवाब देना बेहतर तरीके से जानती है।

वर्तमान में सीमा पर उपजे तनाव के बाद मौजूदा हालात को देखते हुए देश में चल रहे आईपीएल के आयोजन को केंद्र सरकार के निर्देश पर बीसीसीआइ ने तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। इससे गुरुवार रात को जालंधर में खेले जा रहे मैच के भी बीच में ही रोक दिया गया था।

आईपीएल स्थगित का फैसला सहीः शमी-हालांकि आईपीएल के स्थगित होने के क्रिकेट प्रेमियों को निराशा जरुर हुई है। परंतु इस माहौल में इस बड़े आयोजन को रोके जाने के फैसले का समर्थन भी किया जा रहा है। इसी बीच टीम इंडिया के तेज गेंदबाज व आईपीएल में सनराइज हैदराबाद से खेलने वाले अमरोहा निवासी क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने भी आईपीएल स्थगित किए जाने के फैसले को सही बताया है।

शुक्रवार को मीडिया से दूरभाष पर वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हमारे भारत में क्रिकेट का जुनून किस हद तक है यह सभी जानते हैं। विश्व की सबसे बड़ी लीग आईपीएल को लेकर भी लोगों ने दीवानगी है। परंतु वर्तमान में देश के जो हालात हैं उस लिहाज से इतने बड़े आयोजन को स्थगित कर देना सुरक्षा कारणों से बेहतर निर्णय है।

उन्होंने कहा कि देश पहले है, यहां के नागरिकों की सुरक्षा पहले है। उसके बाद कुछ और। बोले-हालात ठीक होने के बाद इसका आयोजन फिर से होगा तथा देशवासी बेहतर क्रिकेट देखेंगे। शमी ने देश की सेना का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सीमा पर तैनात हमारे जवानों को सैल्यूट है। वह करोड़ों देशवासियों की रक्षा कर रहे हैं। सारा देश उनके साथ है तथा वह दुश्मनों को जवाब अच्छे से जबाव देना जानते हैं

# डीम्ड विश्वविद्यालय बना केंद्रीय हिंदी संस्थान, क्या होगा फायदों

आगरा। केंद्रीय हिंदी संस्थान के डीम्मड विश्वविद्यालय बनने से यहां की डिग्री की मान्यता विश्वव्यापी हो जाएगी। हिंदी और भाषाविज्ञान के साथ अन्य विषयों पर नए स्नातक व परास्नातक अकादमिक पाठ्यक्रम, रिसर्च वर्क शुरू किए जा सकेंगे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सिफारिश पर केंद्रीय हिंदी संस्थान (केएचएस) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा देने की घोषणा की गई है। अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी का मान और बढ़ने की उम्मीद संस्थान कर रहा है। संस्थान के निदेशक सुनील बाबुराव कुलकर्णी ने बताया कि डीम्ड विश्वविद्यालय बनने के बाद अब यहां की डिग्री को विश्वव्यापी मान्यता मिलेगी। तीन साल के भीतर संस्थान को विश्वविद्यालय के रूप में कोर्स, शैक्षिक स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्डिनेंस, शैक्षिक से परीक्षा और कार्यपरिषद तक का गठन करना होगा। हिंदी और भाषाविज्ञान के साथ अन्य विषयों पर नए स्नातक व परास्नातक अकादमिक पाठ्यक्रम, रिसर्च वर्क शुरू किए जा सकेंगे। संस्थान से पढ़े विद्यार्थियों की डिग्री को फिलहाल किसी अन्य राज्य या देश के विश्वविद्यालय में मान्यता नहीं थी। वर्तमान में संस्थान में करीब 100 विदेशी और लगभग 275 सीटें स्वदेशी विद्यार्थियों के लिए है। नए विषयों में नए पाठ्यक्रम शुरू होने पर सीटें भी बढ़ेगी। ये लाभ मिलेंगे-संस्थान ने अगले 5, 10 और 15 सालों की कार्ययोजना तैयार कर ली है। डीम्ड विवि बनने के बाद आगामी तीन सालों में संस्थान नए संकाय, केंद्र और पीठ की स्थापना करेगा। जिसमें हिंदी के साथ अन्य कोर्सों का संचालन भी किया जा सकेगा। विभाग की योजना नए संकाय, केंद्र और पीठ खोलने की है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभ गैर हिंदी भाषी के साथ हिंदी भाषी छात्र-छात्राओं को मिल सके। अंतरविद्या संकाय, मानविकी संकाय के साथ 6 नए केंद्र और आगरा में दो व अन्य केंद्रों पर एक-एक नई पीठ की स्थापना की भी योजना है। विशेष है केंद्रीय हिंदी संस्थान- हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए कार्यरत केंद्रीय हिंदी संस्थान की स्थापना 1960 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन की गई थी। इसका मुख्यालय आगरा में स्थित है। वहीं इसके आठ केंद्रों दिल्ली, हैदराबाद, गुवाहाटी, शिलांग, मैसूर, दीमापुर, भुवनेश्वर और अहमदाबाद में पाठ्यक्रमों का संचालन होता है।

# ललितपुर में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

ललितपुर । बीते दिवस जनपद ललितपुर में राजेश जैन आरके जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल के निवास पर चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाई गई ।

राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्म कुशवाहा उर्फ परशु भैया की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई । जयंती का शुभारंभ चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करके की गई ।

इस अवसर पर बोलते हुए युवा प्रकोष्ठ के



जिलाध्यक्ष पुरुषोत्म कुशवाहा ने कहा की चौधरी अजीत सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों गरीबों पिछड़ों की भलाई में लगाया उन्होंने किसानों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास किए हैं उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाई इसलिए उन्हें किसानों का मसीहा भी कहा जाता है । हम सभी को एक ऐसे नेता पर गर्व है ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल जिला अध्यक्ष राजेश जैन आरके युवा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाहा उर्फ परशु भैया व राष्ट्रीय लोक दल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर चला महाबली का पंजा

# अतिक्रमणकारियों पर होगी वैधानिक कार्यवाही - साक्षी साहू

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**





ललितपुर। महरौनी अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाना प्रशासन ने पहली प्राथमिकता मानते हुए गुरुवार से अभियान प्रारम्भ कर दिया है। उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी साक्षी साहू के निर्देशन में पुलिस बल के साथ नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा महरौनी कस्बा के मुख्य बाजार, इंदिरा चौराहा, बानपुर चौराहा आदि चिन्हित स्थानों पर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया गया।

प्रशासनिक अमले को देखकर अतिक्रमणकारियों में अफरातफरी मच गई। दुकानदारों ने मुख्यमार्ग की पटरी अथवा नाली पर टीन शैड या दुकान लगाकर अतिक्रमण कर रखा था, जिसको सख्ती से पालन कराते हुए नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी द्वारा कई दुकानदारों के चालान काटे गये तो वहीं बहुत से दुकानदारो को एक दिन की मोहलत देकर अतिक्रमण शीघ्रता से हटाने की हिदायत भी दी। कई जगह मौके पर जेसीबी मशीन द्वारा अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया।

अधिशासी अधिकारी साक्षी साहू ने कहा कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद भी नगर के मुख्य बाजार के मुख्यमार्ग पर बड़े और छोटे दुकानदार जबरजस्ती अतिक्रमण जमाये बैठे हैं, जिसकी वजह से नगर की सुंदरता पर कालिख लग रही है। तो वहीं पटरी पर अतिक्रमण होने से कस्बा की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। साइड पटरी पर अतिक्रमण कर दुकाने लगाने वाले लोगों को प्रशासन ने कई बार चेतावनी भी दी, लेकिन उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई गई। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और जो लोग नाली ,नाला ,सड़क पटरी पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं उन पर आगे भी वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं नगर पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि और रिफाइनरी की बढ़ाई गई सुरक्षा...लोगों से सतर्क रहने की अपील

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच मथुरा में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। लोगों से भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। वहीं हमले के बाद जम्मू में रहने वाले अपनों की सलामती को लेकर लोग फिक्रमंद हैं। वह फोन कर उनका हालचाल ले रहे हैं।

पाकिस्तान से तनाव के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि व रिफाइनरी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थानों की निगरानी की जा रही है। इसके अलावा डीएम ने सभी लोगों से सतर्क और संयम बरतने की अपील की है।

डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया है कि सभी अधिकारी व कर्मचारियों को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा प्रबंधों को पूरी सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने और लोगों से आसपास के क्षेत्रों में हर गतिविधि पर नजर रखने और सायरन की आवाज सुनने की अपील की है। खासकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि और रिफाइनरी में पुलिस प्रशासन ने कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

**पाकिस्तान के जम्मू में हमले से लोगों में चिंता**

भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ गया है। बृहस्पतिवार शाम को जम्मू में पाकिस्तान की ओर से हमले की खबर सामने आते ही लोगों को अपनों की चिंता सताने लगी। वह मोबाइल पर पल-पल की जानकारी लेते रहे। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार शाम को जम्मू समेत अन्य क्षेत्रों में हमले किए। इन हमलों की सूचना मिलते ही लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें नजर आईं। लोग पल-पल की अपडेट के लिए टीवी पर नजर बनाए रहे।

# मजदूरों की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले पदाधिकारी

## मजदूरों की दुर्दशा पर भारतीय मजदूर संघ गंभीर

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर `जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों के लिए स्थायी आश्रय की मांग, प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई अपील की। जो देश का निर्माण करते हैं वो खुद बेसहारा हैं। इसी भावना के साथ भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि शहर में कार्यरत हजारों असंगठित मजदूरों के लिए एक सुरक्षित और स्थायी आश्रय स्थल की व्यवस्था की जाए, जिससे वे भीषण गर्मी, ठंडी और बरसात में कम से कम छत के नीचे रहने का हक पा सकें। मजदूर संघ ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वर्तमान में मजदूर खुले मैदान में खडे होते है जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में भी अवरोध होता है हमेशा ही किसी हादसे का भय



बना रहता है जो की सामाजिक दृष्टिकोण से भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यहाँ खडे होने वाले मजदूरों के पास न शुद्ध पानी है, और न ही शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं। भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष पी. के. नायक ने ने कहा कि मजदूर सिर्फ श्रमिक नहीं, देश के रीढ़ हैं। उनका जीवन बेहतर बनाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि मजदूरों के लिए स्थायी आवास, छाया स्थल, और जरूरी सुविधाओं से युक्त एक संरचना जल्द से जल्द बनाई जाए। वही ललितपुर सेवा ग्रुप अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने कहा कि मजदूर सिर्फ ईंट, गारा नहीं जोड़ते, वे देश की नींव मजबूत करते हैं।

मगर अफसोस की बात है कि आज वही मजदूर खुद छत को परेशान है। उन्हें बेहतर सुविधाएं देना ही चाहिए। जिलाधिकारी ने संघ की मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर महामंत्री जगदीश सिंह राजपूत, बृजेश गुप्ता, हेमंत कुमार, सुरेंद्र सिंह, गुलशन कुमार गुप्ता, राहुल कुशवाहा, प्रिन्स पाल, लखन, विक्रांत रावत आदि उपस्थिथि रहे।

# पाकिस्तान के 'नापाक' हमले, 30 दिन की छुट्टी पर आया जवान, 5 दिन में ड्यूटी पर

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मथुरा। भारत और पाकिस्तान के बीच शुरू हुए संघर्ष के बीच जवानों की छुट्टियां रद्द की जा रही हैं। मथुरा में 30 दिन की छुट्टी लेकर आए जवान को पांच दिन बाद ही ड्यूटी पर वापस बुला लिया गया।

एक माह की छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ के जवान को छुट्टी रद्द होने के कारण लौटना पड़ा। जवान ने जरूरी कार्य भी फिलहाल रोक दिए हैं। बटालियन के हेडक्वार्टर से छुट्टी रद्द कर तत्काल ड्यूटी पर



पहुंचने की सूचना से जवान के परिजन सहमे हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जवान ने भी जल्द देश की आन, बान और शान को बचाने की बात कही। परिजन को उसके लौटने का इंतजार है।

कस्बा के सहजुआ थोक निवासी जीत सिंह सीआरपीएफ की 182 बटालियन में तैनात हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के करीमाबाद में है। जीत सिंह परिवार के साथ समय गुजारने और जरूर काम की वजह से 2 मई शुक्रवार को 30 दिन की छुट्टियां लेकर आए। शनिवार की शाम 7 बजे अपने घर पहुंचे और अगले दिन रविवार 5 मई को अपनी साली राधा चौधरी की शादी में शामिल होने के लिए परिजन के साथ बाजना के गांव मुकंदगढ़ी पहुंचे। यहां शादी में विभिन्न प्रकार की रस्में निभाईं। था। शादी संपन्न होने के दौरान अचानक सीआरपीएफ हेडक्वार्टर से जवान जीत सिंह को छुट्टियां रद्द होने की सूचना मिली। उन्हें जल्द बटालियन मुख्यालय पर पहुंचने के निर्देश मिले। उन्हें सिर्फ 5 दिन परिवार के साथ बिताने का मौका मिला। बृहस्पतिवार को जीत सिंह ड्यूटी के लिए रवाना हो गए।

**14 आतंकवादियों के घर तोड़े**

जीत सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उन्होंने आतंकवादियों को खोजने और उनके ठिकानों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया था। बटालियन के जवानों ने 14 चिन्हित आतंकवादियों के घर तोड़े। जीत सिंह के अनुसार पत्नी व बच्चों सहित परिवार के साथ छुट्टियां बिताने का कम समय मिला। पत्नी लक्ष्मी चौधरी, बेटा विराट, तनिष, बड़े भाई त्रिलोक सिंह, हरेश चौधरी को उनके लौटने का इंतजार रहेगा। भाई हरेश चौधरी ने बताया कि 30 दिन की छुट्टियां लेकर घर आया भाई 5 दिन बाद ही ड्यूटी पर रवाना हो गया। नगर पंचायत सौंख के चेयरमैन योगेश लंबरदार ने कहा कि एक सैनिक का जीवन हरपल राष्ट्र सुरक्षा को समर्पित रहता है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि और रिफाइनरी की बढ़ाई गई सुरक्षा, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मथुरा। पाकिस्तान से तनाव के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि व रिफाइनरी की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही ड्रोन कैमरों के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थानों की निगरानी की जा रही है। इसके अलावा डीएम ने सभी लोगों से सतर्क और संयम बरतने की अपील की है।

डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया है कि सभी अधिकारी व कर्मचारियों को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा प्रबंधों को पूरी सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने और लोगों से आसपास के क्षेत्रों में हर गतिविधि पर नजर रखने और सायरन की आवाज सुनने की अपील की है। खासकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि और रिफाइनरी में पुलिस प्रशासन ने कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढ़ गया है। बृहस्पतिवार शाम को जम्मू में पाकिस्तान की ओर से हमले की खबर सामने आते ही लोगों को अपनों की चिंता सताने लगी। वह मोबाइल पर पल-पल की जानकारी लेते रहे। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार शाम को जम्मू समेत अन्य क्षेत्रों में हमले किए। इन हमलों की सूचना मिलते ही लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें नजर आईं।

लोग पल-पल की अपडेट के लिए टीवी पर नजर बनाए रहे। जैसे ही जम्मू व पाकिस्तान सीमा से जुड़े अन्य क्षेत्रों में हमले की खबर फ्लैश हुई तो लोग टीवी के सामने ही टिक गए। बाजारों में भी दुकानों पर टीवी के सामने ही ग्राहक और दुकानदार जानकारी लेते नजर आए।

जिन लोगों के अपने जम्मू या आसपास के क्षेत्र में हैं, वह फोन कर उनकी सलामती की जानकारी लेते रहे। हर कोई यह जानने के लिए बेताब नजर आया कि आखिर पाकिस्तान के हमले में जम्मू में क्या नुकसान हुआ है और भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में क्या निर्णय लिए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी यही घटना छाई रही।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में कितने अभ्यर्थियों से की वसूली, मेडिकल सही हुआ या नहीं...मोबाइल खोलेगा राज

मथुरा । यूपी पुलिस भर्ती में मेडिकल में पास कराने के नाम पर डॉक्टर ने मोटी कमाई की। पुलिस आरोपी के मोबाइल को खंगाल रही है। पता लगाया जा रहा है कि वो किन-किन के संपर्क में था। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों से वसूली के आरोप में गिरफ्तार चिकित्सक दंपती समेत चारों आरोपियों के मोबाइल के डाटा को खंगालने में पुलिस की टीम जुट गई है। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके से मिले कागजातों से सबूत तैयार करने में जुटी है।

# मथुरा जंक्शन आने वाली सभी ट्रेनों में डॉग स्क्वायड ने की चेकिंग

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मथुरा। भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद रेलवे जंक्शन का सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया है। जंक्शन के तीनों सकुर्लेटिंग एरिया में चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। बिना चेकिंग के किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। जंक्शन आने वाली ट्रेनों को डॉग स्क्वायड से चेक कराया जा रहा है। जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त चेकिंग टीम के साथ क्यूआरटी का भी गठन किया गया है। सभी प्लेटफार्मों पर लगातार चेकिंग की जा रही है।



आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी ने बताया कि जंक्शन पर सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है। तीनों प्रवेश द्वार पर चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। बिना चेकिंग के किसी भी वाहन को जंक्शन पर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर लगातार चेकिंग कराई जा रही है। यात्रियों को सचेत किया जा रहा है कि संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु के दिखाई देने पर इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल को दी जाए।

# वृंदावन में योग प्रशिक्षक शंन्नो शुक्ला द्वारा गाँधी पार्क मे कराया गया योगाभ्यास

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मथुरा।वृंदावन में योग प्रशिक्षक शंन्नो शुक्ला द्वारा गाँधी पार्क मे योगाभ्यास कराया गया। जिसमे लोगो को सूक्ष्म व्यायाम की क्रियाये, सूर्य नमस्कार,आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे लोगो ने भाग उत्साह पूर्वक भाग लिया अंतराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर मे स्थित योग वेलनेस सेंटर मे तैनात योग प्रशिक्षक शंन्नो शुक्ला द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज गाँधी पार्क वृंदावन मे योग शिविर का आयोजन



किया गया। शुक्ला ने बताया की योग के माध्यम से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है जिससे शरीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वा स्थय प्राप्त किया जा सकता है। आज योग प्रशिक्षक शंन्नो शुक्ला द्वारा गाँधी पार्क मे योगाभ्यास कराया गया। जिसमे लोगो को सूक्ष्म व्यायाम की क्रियाये, सूर्य नमस्कार,आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया जिसमे बड़ी संख्या मे लोगो ने भाग उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# अधिकारी वही बताते हैं जो उन्हें बताना होता है

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मथुरा। यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने अधिकारियों की कार्यशैली पर तंज कसा है। महिला उत्पीड़न से जुड़े सवाल पूछने पर उन्होंने कहा है कि अधिकारी वही बताते हैं जो उन्हें बताना होता है। अधिकारियों की बातों में कितनी सत्यता है यह पत्रकार ही बता सकते हैं।

पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा है कि



महिलाओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी भी महिला को प्रताड़ित किया जाएगा तो राज्य महिला आयोग कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं नौहझील बाजना क्षेत्र के ईंट भट्ठो के मालिकों तथा औद्योगिक क्षेत्र में कारखानों में महिलाओं से निर्धारित समय से अधिक काम लेने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा महावन में मानसिक रूप कमजोर दिव्यांगों के लिए संचालित आश्रय गृह में भारी अनियमितताओं की जानकारी पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से एक सप्ताह में जवाब मांगा है।

# योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती का कार्यक्रम आयोजित

एनपीटी ब्यूरो



शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में भारत के वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य भूरू कुमार ने किया। मुख्य वक्ता आचार्य अशोक सोम ने बताया कि भारत वीरों की भूमि है। यहां के वीरों की गाथा गौरवपूर्ण है, उन्हीं महान वीरों में महाराणा प्रताप के शौर्य एवं पराक्रम की गाथा सदैव भारत के युवाओं को प्रेरित करती है। महाराणा प्रताप स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में जाने जाते है। उन्होंने किसी की भी अधीनता स्वीकार नही की तथा जीवन पर्यन्त संघर्ष की प्रतिमूर्ति बने रहे। ऐसे महापुरुषों को नमन करना हम सभी को एक अद्भुत अनुभूति कराता है। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए उनके व्यक्तित्व को भारत की ऐतिहासिक धरोहर बताया तथा छात्रों को अपने जीवन मे महाराणा प्रताप के आदर्शों को उतारने का आवाह्न किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, प्रमोद कुमार, नीटू कुमार, सोमदत्त, संजू कुमार, अरविन्द कुमार, ब्रजपाल सिंह, सीताराम, अंकुर कुमार, ललित कुमार, अमन कुमार, रवि कुमार, धीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में स्मार्ट एजुकेशन वर्कशॉप का आयोजन



एनपीटी ब्यूरो

शामली। शहर के मौहल्ला पंसारियान में मकान में सो रहे परिवार पर कच्चा लैंटर भरभराकर गिरने से मां सहित तीन बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद मौहल्लेवासियों ने घायलों को बाहर निकाला और निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। हादसे में सभी को गंभीर चोटे आई है।

शहर के मौहल्ला कलंदरशाह पंसारियान निवासी साजिद बाहर रहकर मजदूरी का काम करता है। जिसके पीछे उसकी पत्नी रेशमा व तीन बेटियां नगमा, माफिया और सोनम एक किराये के मकान में रहकर गुजर बसर कर रही है। महिला घर पर अकेली रहने के चलते अपनी मां शमशीदा के पास जाकर सो जाती है, जबकि दिनभर किराये के मकान में रहती है। बताया जाता है कि शुक्रवार सवेरे रेशमा अपनी तीनो बेटियों को लेकर जब मां के घर से अपने किराये के मकान में पहुंची तो वह चारों चारपाई पर पर जाकर लेट गई और सो गई। इसी दौरान अचानक से किराये के मकान की छत का लैंटर कच्चा होने से भरभराकर गिर गया। जिसमें तीनों बच्ची और मां दब गई। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद मौहल्लेवासियों ने सभी को किसी तरह बाहर निकाला और लहु लुहान अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेशमा और सोनम को गंभीर चोट होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नगमा और माफिया को अस्पताल से छुटटी दे दी गई है। इससे पूर्व भी उक्त मौहल्ले बारिश के दौरान मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि जिन कच्चे और जर्जर मकानों में गरीब और असहाय लोग किराये पर रह रहे है उनकी जांच कराई जाये, जिससे के होने वाले हादसों को रोका जा सके। मौहल्ले वासियों ने बताया कि मौहल्ला पंसारियान में अभी भी कई ऐसे मकान है, जिसमें लोग रह रहे है और वह कभी भी गिर सकते है।

# सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में स्मार्ट एजुकेशन वर्कशॉप का आयोजन



एनपीटी ब्यूरो

शामली। शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में स्मार्ट एजुकेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला में वक्ता आचार्य पवन ने विद्यार्थियों के अध्ययन कौशल को एक नई दिशा देने वाले विचार प्रस्तुत किए। आचार्य पवन ने कहा कि केवल पढ़ाई में होशियार होना ही पर्याप्त नहीं है, अपितु उच्च स्तरीय आईक्यू. भी सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अनूठे स्टडी मॉडल से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि हर विद्यार्थी इन तीनों अवस्थाओं से गुजरता है, परंतु सफलता के लिए होश में रहकर पढाई करना सबसे प्रभावी है। इसके साथ ही उन्होंने टॉपर शब्द का व्याख्यात्मक विश्लेषण किया। टी से टोकोलोजी अर्थात जब हमें शिक्षक या अभिभावक टोके, तो उसे सुधार का अवसर मानें। उन्होंने बताया कि पढ़ाई शुरू करने से पहले केवल 40 सेकेंड की आंख बंद कर गहरी सांसों की प्रक्रिया मस्तिष्क को वार्मअप करने में सहायक होती है, जिससे ध्यान केंद्रित होता है और सीखने की क्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने आचार्य पवन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस कार्यशाला ने विद्यार्थियों को अध्ययन को लेकर नया दृष्टिकोण दिया है। अब बच्चे डर के बजाय आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को ब्रेन डायरी बनाने की सलाह दी ताकि वे अपनी पढ़ाई और प्रगति को स्वयं ट्रैक कर सकें तथा एक मजबूत, आत्मनिर्भर और सकारात्मक व्यक्तित्व विकसित कर सकें।

# मंदिर इंटर कॉलेज में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय की बालिका एकता व वंशिका कक्षा 11 ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। बालिका एकता ने उनके शौर्य से संबंधित काव्य पाठ किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा की राजस्थान स्थित मेवाड़ के कुंभलगढ़ में सूरज का तेज भी जिसके सामने फीका पड़ जाता ऐसा बलवान पराक्रमी शूरवीर योद्धा जन्मा जिसका नाम था महाराणा प्रताप। जिन्होंने धर्म और स्वाधीनता हेतु अपना बलिदान दिया और मुगलों से जमकर लोहा लिया। उन्होंने अपने शौर्य और पराक्रम से हमें यह संदेश दिया है कि तब तक परिश्रम करते रहो जब तक तुम्हें तुम्हारी मंजिल न मिल जाए हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही विद्यालय में बालिकाओं को मॉक ड्रिल के विषय में बताया गया और हमले से बचने के उपाय बताते हुए अभ्यास कराया गया।

# जीएसटी के अपर आयुक्त डीपी सिंह को ज्ञापन देकर एसआईबी टीम व सचलदल द्वारा व्यापारियों के किये जा रहे उत्पीड़न को बंद करने की मांग की

शामली। व्यापारी प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी के अपर आयुक्त डीपी सिंह को ज्ञापन देकर एसआईबी टीम व सचलदल द्वारा व्यापारियों के किये जा रहे उत्पीड़न को बंद करने की मांग की। उन्होने टारगेट पूरा करने के नाम पर व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीडन को बंद न किए जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के नेतृत्व में शामली के करनाल रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पर पहुंचे व्यापारियों ने अपर आयुक्त डीपी सिंह से मिलकर शामली जिले में आए दिन एसआईबी टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई कर व्यापारियों का उत्पीड़न करने पर चर्चा की। उन्होने बताया कि एसआईबी टीम आए दिन शामली आकर व्यापारियों के यहां जांच करने के बहाने छापा मारकर व्यापारियों का मनोबल गिराकर उनका उत्पीड़न कर रही है जो बंद होना चाहिए। यदि कहीं किसी व्यापारी की जांच होनी आवश्यक है तो व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों को साथ लेकर जांच होनी चाहिए। अधिकारी भारी पुलिस व दलबल के साथ व्यापारी को घेर कर उसका मनोबल गिराकर उसका उत्पीड़न करने का काम कर रहे है। जो बंद होना चाहिए। उधर बताया कि सचल दल विभाग के अधिकारी अपने टारगेट पूरा करने के लिए व्यापारियों की गाड़ी रोककर छोटी-छोटी क्लर्कल मिस्टेक गलती पर भारी पेनल्टी लगा रही है।

# सत्यराम  यादव की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल आयोजन किया

कांधला, शुक्रवार को ग्राम पंचायत डांगरोल मे नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी सत्यराम  यादव की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत किवाना मे नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रितु रस्तौगी की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल मे सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार ने ग्राम वासियो को किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर आईडी, सोलर पम्प योजना, राजकीय बीज भण्डार पर किसानो को मिलने वाली सुविधा के साथ ही कृषि यंत्रीकरण व फसल अवशेष प्रबंधन, जल संरक्षण की जानकारी  दी।

सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी) जी एस वर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत सीसीएल  , युवा उधमी योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। फैमली आईडी बनवाने पर जोर दिया। पी एम आवास योजना अन्तर्गत सर्वे के बारे मे बताया। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अनिल कुमार ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओ वृद्धा पेन्शन, विधवा पेंशन, दिव्याग पेन्शन,  सामुहिक विवाह अनुदान योजना आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।नामित नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत मे किये गये विकास कार्यो पर चर्चा की। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# तीन युवकों के विरुद्ध मामला पंजीकृत

कांधला,19 वर्षीय युवती को बाइक सवार युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गए। घटना के संबंध में पीड़ित  ने थाने जाकर पुलिस को मामले की लिखित शिकायत करते हुए तीन युवकों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव  गढ़ी दौलत निवासी अमित ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि कई वर्षों से उसकी भांजी गांव में रह रही है। जिसका भरण पोषण वह  कर रहा है। आरोप है कि 5 मई की रात्री मे पीड़ित ग्रामीण की भांजी को  अनिल व अर्पित, आशीष निवासी ग्राम खुरगान थाना कैराना बहला फुसलाकर घर में रखे नकदी व जेवर के साथ अपनी बाइक पर बैठा कर ले गये है। जानकारी होने के बाद पीड़ित परिजनों ने युवती व आरोपी बाइक सवार युवकों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके पश्चात पीड़ित व्यक्ति ने ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए आरोपियों के विरुद्ध नामजद शिकायत की है। पुलिस ने घटना के संबंध में तीन युवकों के विरुद्ध अपहरण का मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार घायल, हालत गंभीर

कांधला, थाना क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग एलम बायपास के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार को उपचार के लिए शामली प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जनपद बागपत की तहसील बडौत निवासी 50 वर्षीय राजवीर ब्रह स्पतिवार  को जरूरी कार्य के लिए शामली गया था। परिजनों के अनुसार शाम के समय कार्य पूरा करने के बाद दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग से होता हुआ बड़ोत वापस जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार युवक, वह  कस्बा एलम बायपास मार्ग के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। घायल व्यक्ति को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए शामली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई।

# हथियार तस्कर की तलाश में हरियाणा पुलिस की छापेमारी

एनपीटी ब्यूरो

कैराना। हरियाणा पुलिस की टीम ने अवैध हथियार तस्करी के मामले में कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द में छापेमारी की है। पुलिस मामले के एक आरोपी को अपने साथ लेकर आई थी। शुक्रवार को हरियाणा के जनपद सोनीपत के गोहाना थाने से पुलिस की दो सदस्यीय टीम हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कैराना पहुंची। जहां पर टीम ने कोतवाली में आमद दर्ज कराने के उपरांत स्थानीय पुलिस के साथ हथियार तस्करी के आरोपी की तलाश में कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द में एक मकान पर दबिश दी। बताया गया है कि आरोपी के हाथ न लगने पर पुलिस टीम खाली हाथ वापिस लौट गई। टीम अपने साथ एक आरोपी को लेकर आई थी।

# नशा तस्करी के मामले में कैराना पहुंची करनाल पुलिस

एनपीटी ब्यूरो



कैराना। करनाल पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द में छापेमार कार्यवाही की है। इस दौरान पुलिस टीम मोहल्ले से एक युवक को उठाकर अपने साथ लेकर गई है।

शुक्रवार को हरियाणा के जनपद करनाल के थाना मधुबन से पुलिस की चार सदस्यीय टीम एएसआई नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर आमद दर्ज कराने के उपरांत टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ में कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतेवाला में एक मकान पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि पुलिस यहां से आसिफ नामक युवक को उठाकर अपने साथ लेकर गई है। हरियाणा पुलिस नशा तस्करी के मामले में कैराना पहुंची थी।

# जानलेवा हमले का एक और आरोपी दबोचा, डंडा बरामद

एनपीटी ब्यूरो



कैराना। कोतवाली पुलिस ने गांव मण्डावर में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है।

विगत 27 अप्रैल को क्षेत्र के गांव मण्डावर निवासी हाशिम ने सात लोगो के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली ने प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निदेर्शानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मामले की विवेचना कर रहे एसआई सतीश प्रकाश ने घटना में नामजद कराए गए आरोपी नौशाद निवासी ग्राम मण्डावर को इस्सापुर खुरगान मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। पुलिस इससे पूर्व घटना में नामजद आरोपी जानसार निवासी ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# तीतरवाड़ा में घर में घुसकर युवक पर फायरिंग, गम्भीर

एनपीटी ब्यूरो



कैराना। गांव तीतरवाड़ा में कुछ लोगो ने घर में घुसकर एक युवक पर फायरिंग कर दी, जिसमें पैर में गोली लगने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस से मामले की लिखित शिकायत की गई है।

क्षेत्र के गांव तीतरवाड़ा निवासी महिला संजीला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि गुरुवार रात्रि करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पुत्र सुफियान के साथ में घर के अंदर बैठी थी। इसी दौरान चार-पांच लोग हाथों में अवैध हथियार लेकर गाली-गलौच करते हुए घर के अंदर घुस आए। आरोप है कि जब उन्होंने गाली-गलौच का विरोध किया तो आरोपियों ने हाथ में लिए हथियारों से उसके पुत्र सुफियान पर फायरिंग कर दी, जिसमें उसके पुत्र के दाएं पैर में गोली जा लगी। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा उसके घायल पुत्र को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर गम्भीर हालत के चलते उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ब्लाक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया

एनपीटी ब्यूरो

शामली। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से दिव्यांगजन को लाभान्वित करने के लिए ब्लाक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने समस्त एसडीएम, डीआईओएस, बीएसए, व समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद शामली को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के सहायतार्थ विभिन्न योजनाएं जैसे-दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान दिव्यांग पेंशन सहायक उपकरण/कृत्रिम अंग, कृत्रिम हाथ-पैर केलिपर्स, ट्राइसाइकिल व्हीलचेयर, बैशाखी, कान की मशीन आदि, दुकान निर्माण, संचालित योजना, शादी पुरूस्कार प्रोत्साहन योजना, यूडीआईडी कार्ड कार्यक्रम योजना, शल्य चिकित्सा एवं कॉक्लियर इम्प्लॉट योजना संचालित की जा रही है।

पात्र दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने के लिए 14 मई से समस्त विकास खण्डों में नोडल अधिकारियों की देख-रेख में शिविर का आयोजन कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। शिविर में नगरीय क्षेत्र के दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा भी प्रतिभाग कर योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जायेगा। जो दिव्यांग कृत्रिम अंग लगवाने तथा सहायक उपकरण लेने के लिए इच्छुक है तथा गत 3 वर्षों से सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ हो वह अपना आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाईन करते हुए कार्यालय में जमा कराने तथा जनपद के दिव्यांगजनों को कैम्प के माध्यम से चिन्हांकन करते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाना है। उन्होने बताया कि आयोजित शिविर की व्यवस्था सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा की जायेगी। उक्त के दृष्टिगत विकास खण्ड प्रांगण शामली में 14 मई, विकास खण्ड प्रांगण थानाभवन में 15 मई, विकास खण्ड प्रांगण ऊन में 16 मई, विकास खण्ड प्रांगण कॉधला में 17 मई, विकास खण्ड प्रांगण कैराना में 19 मई को शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# ऑनलाइन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

शामली। जसाला स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक एमएमआईटी में 8 मई को एसके ग्रुप के सहयोग से एक ऑनलाइन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन में 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव एसके ग्रुप के प्रतिनिधि विष्णु के नेतृत्व में संपन्न हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष मैकेनिकल अमित गौतम, लोकेश कुमार, जसवीर सिंह, सुभाष चंद्र, ललित कुमार एवं श्रवण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बासड़ी में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

## सांगलिया पीठाधीश्वर ओमदास महाराज तथा विधायक सैनी ने फीता काटकर किया अंबेडकर स्मारक का उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं गुढ़ागौड़जी। बासड़ी गांव में शुक्रवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, कमलदास महाराज, जेतपुरा सरपंच पवन वर्मा, पोषण सरपंच बरजी देवी, युवा नेता रविंद्र सिंह पोंख, डॉ विमला गुढ़ा गोड़जी, डॉ रणवीर गुर्जर, विकास कालावत, राकेश देवठिया, भोलाराम मीणा, प्रवीण मैचु,विष्णु बड़वा आदि रहे। अतिथियों का फूल



मालाओं से स्वागत किया गया। इससे पूर्व ओमदास महाराज का गुढ़ागौड़जी में फूल माला और साफा पहनकर स्वागत किया। गुढ़ागौड़जी से ओमदास महाराज को डीजे की धुन पर मोटरसाइकिल और वाहनों के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। जहां पुष्प वर्षा के साथ महंत का स्वागत किया गया। सांगलिया पीठाधीश्वर ओमदास महाराज और विधायक भगवाना राम सैनी ने फीता काटकर अंबेडकर स्मारक का उद्घाटन किया। इसके बाद अतिथियों सहित ओमदास महाराज ने बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम को ओमदास महाराज, विधायक भगवाना राम सैनी, विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, जेतपुरा सरपंच पवन वर्मा, सुरेश खारड़िया आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार भोजगढ़ और हरिराम टोंक छीलरी द्वारा किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जाब्ते में हेड कांस्टेबल विद्याधर, हेड कांस्टेबल महावीर प्रसाद, ड्राइवर नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। इस दौरान सुरेश खारड़िया, सत्यपाल कांटीवाल, अध्यापक जगदीश प्रसाद कांटीवाल, रणजीत कुमार, दुर्गा प्रसाद, राजकुमार, रवि कुमार, बबलू, सुनील, पंकज, मनोज, अरविंद, अमित सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# धार्मिक आस्था और देशभक्ति का अद्भुत संगम- श्री दुर्लभ नाथ महाराज आश्रम ने फौज के समर्थन में दिए 2 लाख

**एनपीटी ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 9 मई। कतोपुर, तहसील कोटकासिम स्थित श्री श्री 1008 श्री दुर्लभ नाथ महाराज आश्रम ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए देश की सुरक्षा में तैनात हमारे वीर जवानों के लिए हौसला अफजाई स्वरूप अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट को चेक प्रदान कर ?2,00,000 की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान की है।

यह योगदान न केवल आश्रम की सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना को दर्शाता है, बल्कि समाज के अन्य संस्थानों और नागरिकों के लिए भी एक प्रेरणा है।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आश्रम के इस प्रयास की सराहना कि।

\श्री दुर्लभ नाथ महाराज ने बताया कि यह दान मातृभूमि की सेवा में जुटे सैनिकों के प्रति सम्मान और आभार की भावना से किया गया है। इस अवसर पर महाराज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रसेवा और समाज कल्याण में भागीदारी निभाएं।

धर्म केवल पूजा-पाठ नहीं, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना भी है,₹ - इस भावना को श्री दुर्लभ नाथ महाराज आश्रम ने अपनी उदारता से जीवंत कर दिखाया है।

# सीआईएस में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे, बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सीकर। सीएलसी द्वारा संचालित सीबीएसई स्कूल सीआईएस में मदर्स डे के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बेबीलैंड से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईएस प्रिंसिपल सुषमा भदौरिया ने बताया की मदर्स डे सेलिब्रेशन के अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में नृत्य, रैंप वॉक, गेम्स और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि माताओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड्स बनाए और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया जिससे पूरे कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों का उत्साह देखते ही बना। सीआईएस प्रिंसिपल



सुषमा भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि एक महिला की भूमिका केवल मां बनने तक सीमित नहीं होती, वह एक संरक्षक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी होती है। भदौरिया ने बताया कि सीआईएस में शिक्षक बच्चों का पालन-पोषण उसी ममता और देखभाल के साथ करते हैं, जैसे एक मां अपने बच्चे का करती है। सीआईएस परिवार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का धन्यवाद करते हुए उन्हें स्कूल का अभिन्न हिस्सा बताया।

# सिंगरौली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों एवं संस्थानों का किया निरीक्षण

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन तथा एस.डी.एम. सृजन वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस.परस्ते, डी.एस.पी. अरुण सोनी, एस.डी.ओ.पी. सिंगरौली कृष्ण कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारीयों व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में स्थित प्रमुख प्लांट्स एवं कंपनियों का संयुक्त भ्रमण किया गया। वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले के प्रमुख औद्योगिक संस्थानों एवं प्लांट – एनटीपीसी प्लांट, आईओसीएल प्लांट, सासन पावर प्लांट, हिंडाल्को एल्युमिनियम प्लांट, जे.पी. निगरी प्लांट आदि तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यह निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, फायर अलार्म सिस्टम की उपलब्धता एवं सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं व कार्यशीलता की समीक्षा की गई। इसके साथ ही पुलिस, प्लांट और राजस्व विभाग के अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु विशेष व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए गए।

संस्थानों में उपलब्ध सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्री वॉल पर रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था एवं पूर्व में लागू सुरक्षा प्रबंधों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जहां आवश्यक पाया गया, वहां सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, संस्थानों में एक्सेस कंट्रोल सिस्टम की स्थिति का भी आंकलन किया गया तथा आवश्यकता पड़ने पर उसमें सुधार हेतु कार्यवाही की जाएगी।

# केशवानन्द में जिला स्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई से

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

सीकर। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर स्थित केशवानन्द स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के तरणताल पर जिला स्तरीय सीनियर महिला/पुरूष तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई से सीकर जिला तैराकी संघ के तत्वाधान में किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष रामनिवास ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि सीकर जिले के इच्छुक तैराकी अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, बैक पासबुक, एस.एफ.आई.यू आईडी कार्ड की तीन प्रतियों सहित पंजीयन शुल्क 200 रुपए के साथ तरणताल पर उपस्थित होंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित तैराक जयपुर मे आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगें। ज्ञात रहे संस्थान के इस तरणताल से इस वर्ष भी तीन खिलाडी खेलो इंडिया में राज्य के साथ सीकर व संस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

# डिपिंग और टैपिंग से बनाई अद्भुत पेंटिंग



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। वर्तमान में मार्डन आर्टस अंतर्गत युवाओं में बढ़ रहा लकड़ी की कलर में डुबो कर संतुलन के साथ कैनवास पर चित्रकला (डिपिंग और टैपिंग) को उकेरने का चलन। तकनीक के क्रेज के इसी तारतम्य में आरडी पब्लिक स्कूल में कार्यरत चितेरी उमा सोनी ने अपने कला गुरु व युवा चित्रकार श्रेणिक जैन के मार्गदर्शन में खूबसूरत पेंटिंग की श्रृंखला बनाई। उमा सोनी ने बताया कि यह एक बहुत ही रोचक तकनीक है। जिसमें पेड़ की एक सामान्य टहनी को कलरों में डुबोकर कैनवास पर टैप किया जाता है, जिसे एक निश्चित ऑर्डर में करना होता है। जो बनने के बाद बहुत ही खूबसूरत प्रतीत होती है। इन पेंटिंग में सूर्य और प्रकृति के संबंध को दर्शाया गया है। युवा चित्रकार श्रेणिक जैन ने बताया कि इस तकनीक का उपयोग बच्चों की परिकल्पना शक्ति को मजबूत करता है। बच्चे अपने विचारों के अनुकूल एक निश्चित ऑर्डर में टैपिंग प्रक्रिया को करते हैं जो एक मनोरंजनात्मक प्रक्रिया भी है। आने वाले समय में बड़े स्तर पर तकनीक का उपयोग बच्चों द्वारा करवाया जाएगा। सभी ने इन पेंटिंग्स की सराहना की है।

# बालाघाट - नक्सलियों ने दर्ज की अपनी मौजूदगी, बैनर के माध्यम से आदिवासी बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना का किया विरोध

**एनपीटी ब्यूरो**

बालाघाट(म0प्र0) कुछ दिनों पूर्व में बालाघाट जिले को सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। लेकिन उन्होंने बता दिया कि जिले में उनकी पैठ बरकरार है। नक्सली एक बार फिर अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर भय का माहौल बनाने में लगे हुए हैं। इसका प्रमाण है गुरुवार को थाना रुपझर के तहत आने वाले सोनगुड्डा के कासर नाला और लाल घाटी के पास नक्सलियों का बैनर और पोस्टर देखा गया।ऐसा करके नक्सली यह बता रहे हैं कि अभी बालाघाट में उनकी मौजूदगी बरकरार है।

**दुष्कर्म घटना की निंदा की-** बालाघाट के ग्राम दुगलई में आदिवासी तीन बच्चियो व एक युवती के साथ हुई दुष्कर्म की घटना पर नक्सली संगठन ने अपने पर्चे और बैनर में प्रतिक्रिया दी है। गोंदिया, राजनांदगाव, बालाघाट डिवीजन कमेटी के नक्सलियों ने रूपझर थाना क्षेत्र के सोनगुड्डा के कासर नाला और लाल घाटी के पास बैनर और पोस्टर लगाए हैं। पुलिस ने गुरुवार को इन बैनर और पर्चों को बरामद कर लिया है। नक्सलियों ने इनमें घटना की निंदा करते हुए आदिवासियों से न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने को कहा है। साथ ही



हिंदुवादी संगठनों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की हैं। दुष्कर्म घटना की निष्पक्ष जांच की माग की है। जबकि इस मामले में पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आदिवासी समाज इस घटना को पर 7 मई को मुख्यालय में एक बड़ी रैली भी निकाली।

नक्सली वैमनस्यता फैला रहे:-विश्व हिन्दू परिषद- विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लालू चावड़ा ने नक्सलियों की इस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि नक्सली इस दुखद घटना का इस्तेमाल समाज में वैमनस्यता फैलाने के लिए कर रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद पीड़िताओं को न्याय दिलाने के लिए प्रशासन और समाज के साथ खड़ी है। विश्व हिन्दू परिषद एक संस्कार आधारित संगठन है जो राष्ट्र निर्माण में समर्पित है और समाज को जोड़ने का काम करता है।

मामले की जांच में जुटी पुलिस- नक्सलियों ने जंगल में पर्चे चिपका कर और बनैर लगाकर पुलिस को हैरत में डाल दिया है। पुलिस पता कर रही है कि यह काम नक्सलियों का है या फिर किसी ने साजिश किया है। पुलिस को परेशान करने के लिए, नक्सलियों की आड़ में कोई आम आदमी तो नहीं किया है। जाहिर है नक्सली आदिवासी समाज का दिल जीतना चाहता है दुष्कर्म की घटना के आड़ में। इसीलिए उन्होंने आदिवासी समाज को मैसेज किया है कि न्याय मिलने तक लड़ाई लड़ें।पुलिस एक बार फिर से सर्चिंग अभियान तेज कर दी है। इनका कहना है:- "पुलिस को नक्सली बैनर पोस्टर की जानकारी मिली थीं। मामले की सूचना मिलते ही पोस्टर बैनर जप्त कर सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। मामले की पताशाजी की जा रही है। बैनर में कुछ बातों का उल्लेख किया गया है जिसके फोटो हम तक पहुंचे हैं। मामले को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

नगेन्द्र सिंहपुलिस अधीक्षक, बालाघाट

# MP में कांस्टेबल और एसआई की भर्ती जल्द शुरू,7500 पदो पर होगी भर्तियां



भोपालः भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। और मध्य प्रदेश में भी कई जिलों में अलर्ट जारी किए गए हैं ऐसे में एमपी में नई भर्तियां होने के आसार कम है एमपी में नई पुलिस भर्ती की बात करें तो इसके विज्ञापन जल्द जारी होंगे कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर इन दोनो भतीयों के लगभग 7500 पदों पर भर्ती होनी है इन दोनों की परीक्षाएं मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल के द्वारा आयोजित की जाएगी इसकी नियमपुस्तिका जल्द ही जारी की जाएगी पहले इन दोनो की नियम पुस्तिका मई के प्रथम सप्ताह में जारी होने की बात कही थी लेकिन अभी तक एमपीईएसबी द्वारा नियम पुस्तिका जारी नहीं की गई है अब संभावना है कि मई के अंतिम सप्ताह तक नियम पुस्तिका जारी हो सकती है सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा इस माह के अंत तक भर्ती की अधिसूचना जारी की जा सकती है। पुलिस मुख्यालय ने बोर्ड से भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू करने का आग्रह किया है। सरकार ने विधानसभा में घोषणा की है कि अगले 5 वर्षों में 2.5 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। सभी विभागों में खाली पदों को भरने की तैयारी की जा रही है। एससी एसटी ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। कांग्रेस सरकार पर रोजगार के वादे पूरे न करने का आरोप भी लगाते हैं

# बिजली विभाग को फाल्ट ढूंढने में लगे 21 घंटे रात भर गर्मी में परेशान होते रहे लोग, घरों के इलेक्ट्रॉनिक

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। विगत 6 मई को अंबिका स्टील गंज के सामने बिजली के खंभे पर पेड़ गिरा गया था। जिसको ठीक करने में बिजली विभाग को 5-6 घंटे लगे थे। जिसे समझा जा सकता है। परन्तु इस घटना के करीब 3 दिन बाद उसी लाईन पर फिर से फाल्ट आ गया जिस पकड़ने. में बिजली विभाग को पूरे 21 घंटे लग गए। इस दौरान इलेक्ट्रिक फ्लक्चुएशन लगातार जारी रहा जिस कारण यहां के घरों में एलईडी टीवी, फ्रिज, एडाप्टर में खराबी आ गई। इस विषय में वार्डवासियों ने कई दफा 1912 पर शिकायत दर्ज करवाई परन्तु 20 मिनट के बाद बिजली विभाग के एसएमएस आते रहे कि आपकी शिकायत का निराकरण कर दिया गया है। परन्तु समस्या यथावत रही। इस संबंध में जब डीई श्री बघेले से दूरभाष पर बात की तो उन्होने कहा कि जब भी कर्मचारी बिजली सुधारने आते होंगे तो उन्हे लाइट जलती हुई दिखती होगी इसलिए कंप्लेंट क्लोस हो जाती होगी। वैसे नियमानुसार शिकायतकर्ता के अनुमोदन के पश्चात ही शिकायत बंद की जाती है। लोगों ने लगातार कई बार शिकायत की। 9 मई की सुबह मात्र आधे घंटे के लिए बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी आए और चले गए। इसके बाद 12 बजे दोपहर तक बिजली विभाग की लापरवाही को देखते हुए, लोगों ने जेई कमलेश खोबरागड़े से संपर्क किया जिसके 2 घंटे बाद बिजली विभाग की टीम आई और लाइन को 4 बजे ठीक किया गया। स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला कि जब वर्तमान में अत्याधुनिक उपकरण है तो फाल्ट ढूंढने में इतना समय क्यों लगा। गर्मी में वार्ड वासियों को रात भर परेशान होते देखा गया।

# बैतूल की बेटी हर्षिता गोठी को कला क्षेत्र में मिले दो स्वर्ण पदक

**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**

बैतूल। बैतूल। भारतीय किसान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेंद्र कुमार गोठी एवं श्रीमती निर्मला गोठी की सुपुत्री हर्षिता गोठी ने राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर से मास्टर इन फाइन आर्टस पेंटिंग में 85.5 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए उन्हें राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा को दत्तोपंत ठेंगड़ी सभा गृह, ग्वालियर में आयोजित दीक्षांत समारोह में दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया ।



पहला स्वर्ण पदक एमएफए टॉप करने के लिए और दूसरा स्वर्ण पदक चार वर्षीय कला डिग्री में सभी छात्रों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया गया। हर्षिता ने बताया कि यह उपलब्धि निरंतर अभ्यास, परिवार का सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस उपलब्धि पर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने हर्षिता गोठी के निवास उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इससे पूर्व ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह से हर्षिता और उनके माता-पिता की भेंट हुई थी। जहां उन्होंने भी हर्षिता को सम्मानित किया। हर्षिता की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, संस्था और जिले के लिए, बल्कि सम्पूर्ण किसान समाज के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के नारायण सरले, दीपक कपूर, प्रवीण गुगनानी, राजेश अवस्थी, पुरूषोत्तम सरले, आलोक वर्मा, नकुल सिंह चंदेल, अमरनाथ चौधरी, संतोष पाल, जगदीश गाड़वे, श्याम कोटेकर, शंकर नानकर, कमलेश गंगारे आदि मौजूद थे।

# तनवीर आलम ने कांग्रेसी कार्यकताओं का बढ़ाया होंसला

## संगठन मजबूती पर दिया जोर







**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार के अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। बैठक में जिले के कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत वरीय पदाधिकारीगण भी शामिल हुए। साथ ही बैठक के बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव तनवीर आलम ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। झारखण्ड प्रदेश महासचिव सह-युवा नेता तनवीर आलम ने सम्बोधित करते हुए उपस्थिति कांग्रेस जनों को कहा कि पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में अपनी योगदान सुनिश्चित करे। साथ ही आम जनों की किसी भी समस्या की समाधान हेतु सहयोग करे तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी आम जनों को साझा करे। जिससे अंतिम पायदान पर खड़े वंचित लोगों तक सरकार का लाभ उन्हें लेने में सुविधा हो सके। बैठक के दौरान जिन पंचायत में पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष या सचिव नहीं है, उन पंचायत में पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष या सचिव की बहाली तथा जिन पंचायत में पंचायत कमेटी अब तक अधूरा है, उन पंचायत में पंचायत कमेटी का पुनर्गठन करने का भी उन्होंने निर्देश दिया। वही बैठक में उपस्थित पाकुड़ पर्यवेक्षक अशोक दास ने सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जनों को कई अहम जानकारियां साझा किया। साथ ही कांग्रेस जनों में जोश भरते हुए कहा कि आप सभी की लगान और मेहनत के बदौलत ही पार्टी संगठन लगातार मजबूत और परिपक्व है, क्योंकि आपकी होंसला पार्टी की एकजुटता में बल प्रदान करने के साथ आमजनों की जरुरत को मजबूती से पेश करते हुए लोगों को उनकी अधिकार दिलाने का कार्य सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं। वही भारतीय कांग्रेस पार्टी के पाकुड़ इकाई ने प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के नेतृत्व में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम किया। कहा हमें भारतीय सेना पर गर्व है। इस दौरान कार्यकताओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद, इन्डिया जिंदाबाद आदि नारा भी लगाना। बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, सेमिनुल इसलाम, सहनाज बेगम, मनिका कुमारी, बेलाल शेख, नसीम आलम, मिस्टर शेख, असद हुसैन, फिरोज शेख, मिरजाहन शेख, गोलाम अहमद अन्य समेत काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत आमजन उपस्थित थे

# कैबिनेट की बैठक में हेमन्त सरकार ने कई प्रस्तावों पर लगाई मुहर, शिक्षकों के स्थानांतरण नीति में किया संशोधन



**एनपीटी,** झारखण्ड में तबादले का इंतजार कर रहे शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। हेमन्त सरकार 2.0 ने शिक्षकों के स्थानांतरण नीति में संशोधन किया है। जानकारी के मुताबिक हेमन्त सरकार की नयी ट्रांसफर पॉलिसी से शिक्षकों के लिए तबादले की राह आसान हो जायेगी। शिक्षकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नयी नीति में कई नयी बिंदुओं को जोड़ा गया है। वही कैबिनेट ने आज अहम फैसले लेते हुए झारखंड पुलिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के लिए नियमावली में भी बदलाव को मंजूरी दे दी है। आपको बता दें कि पुलिस विभाग में चतुर्थ श्रेणी में लंबे समय से भर्तियां नहीं हुई है। नयी नियमावली के बाद अब प्रदेश में जल्द ही पुलिस विभाग में चतुर्थ श्रेणी में भर्तियां होगी। कैबिनेट में झारखण्ड फार्मासिस्ट नियमावली 2025 के गठन को लेकर भी प्रस्ताव लाई गई, यह एक विवाद का कारण बना हुआ था। फामेर्सी प्रैक्टिस रेगुलेशंस लागू करने की मांग लगातार उठते आ रही थी। अब इस प्रस्ताव के जरिए सरकार द्वारा विवाद को खत्म करने की कोशिश की जायेगी। वही एक अहम फैसले में रांची स्थित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया गया है। दरअसल पिछले कई वर्षों से विभिन्न छात्र संगठन विश्वविद्यालय के नाम को लेकर आंदोलनरत थे, उनकी मांग थी रांची के इस विश्वविद्यालय का नाम राज्य के किसी अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी के ऊपर हो। आज कैबिनेट बैठक के दौरान इस पर फैसला ले लिया गया है। अब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय के नाम से जानी जायेगी। कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मोहर लगा दी गई है। जिसके मुताबिक राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ाया गया। पेंशनधारियों के महंगाई भत्ते में भी वृद्धि की गई। रिम्स के सरकारी सहायक प्राध्यापकों को प्रमोशन के लिए छाया पद की मंजूरी दी गई। झारखंड फार्मासिस्ट संवर्ग सेवा नियमावली को मंजूरी दी गई। उग्रवादियों एवं अपराधियों के लिए पुरस्कार राशि का प्रावधान किया गया। शिक्षकों के स्थानांतरण नीति में संशोधन किया गया। रिम्स रांची में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई। झारखंड राजमार्ग नियमावली में संशोधन किया गया। कंबल वितरण योजना में संशोधन किया गया। बजट सत्र के सत्रवाचन को मंजूरी दी गई। झारखण्ड पुलिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के लिए नियमावली को मंजूरी दी गई। झारखण्ड सैंड माइनिंग रूल को अधिसूचित करने की मांग को मंजूरी दी गई। दो आश्रम विद्यालयों के निर्माण को स्वीकृति दी गई। झारखण्ड ग्रामीण पेयजल आपूर्ति संचालन एवं पोषित नीति को मंजूरी दी। महिलाओं के लिए 7 नये वन स्टॉप सेन्टरों को मंजूरी मिली। पीएम जन मन योजना के तहत 275 आंगनबाड़ियों के संचालन एवं निर्माण को स्वीकृति दी गई।

# एसपी प्रभात कुमार ने सिलोंग ओपी थाना का लिया जायजा, नये थाना भवन निर्माण की है जरूरत

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिले के सिलोंग ओपी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने थाना अभिलेखों / पंजीयों / संचिकाओं का भी अवलोकन करने के पश्चात पाये गये त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिया। इसके अलावे सिलोंग ओपी थाना भवन, सुरक्षा बलों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं/आवश्यकताओं की भी समीक्षा की। तत्पश्चात कई अहम निर्देश भी दिया। गौरतलब हो कि जिले पाकुड़ जिले के शिलांग ओपी के लिए नये थाना भवन का निर्माण होना बेहद जरूरी है। जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए नए थाने भवन निर्माण की पहल करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में जो सिलोंग ओपी थाना भवन है, बहुत ही कमजोर अवस्था में है, आधुनिक युग में सिलोंग ओपी के लिए नये थाना भवन का निर्माण होना बेहद जरूरी है। जिससे सिलोंग ओपी थाने में तैनात पुलिस एवं पुलिस पदाधिकारी को कार्य करने में सुविधा हो। साथ ही उनके रहन-सहन की भी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी सुविधा हो सके।

# जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपर समाहर्ता के समक्ष पेश की अपनी समस्याएं



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित, भू अर्जन से संबंधित एवं रोजगार आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। वही प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का जरूरी निर्देश दिया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो,**

गैर सरकारी संस्था आईडीएल क्ळ्अछ के सचिव संजय कुमार की अध्यक्षता में पाकुड़ नगर के अपर्णा मार्केट कॉम्प्लेक्स में गुरुवार देर शाम को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में सुधार, संसाधनों की बचत और लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी एवं समर्पित बनाना था। संगोष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय, प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी अनुग्रहित प्रसाद साह , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबरी पाल निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष संपा साहा उपस्थित रहें। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया। महामहिम राष्ट्रपति को एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में ज्ञापन प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए IDEAL संस्था के सचिव संजय कुमार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को राष्ट्र की अखंडता के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि देश की इतनी बड़ी आबादी को बार-बार चुनाव में नहीं झोंका जा सकता। चुनावों में होने वाले भारी-भरकम खर्च को लेकर कहा कि बार-बार चुनाव होने से बहुत अधिक धन का व्यय होता है। जितना देश का शिक्षा का बजट हैए उसका आधा चुनावों में खर्च हो जाता है। आपातकाल और बाद में कई लोकसभाओं और विधानसभाओं के समयपूर्व विघटन ने एक साथ चुनाव की प्रथा को बाधित किया। उन्होंने एक साथ चुनाव के बहुत से फायदे गिनाए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि एक राष्ट्र- एक चुनावह्व देश में राजनीतिक स्थिरता और विकसित भारत के निर्माण हेतु यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का दूरदर्शी विजन है, जिसे साकार करने की दिशा में यह संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा अब समय है कि हमे चुनाव में सुधार की आवश्यकता है। देश के सभी सुधारों के लिए काम करने का साहसिक निर्णय लेने की क्षमता यदि किसी ने दिखाई तो वह हमारी सरकार ने दिखाई भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखाया। हर सार्वजनिक और सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न सुधारों का कार्य नरेंद्र मोदी ने किया शिक्षा नीति में सुधार किया, स्वास्थ्य में सुधार, देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा में सुधार, तीन तलाक, 500 वर्ष पुराने मुद्दे को सर्व सहमति से दूर हमने किया तो हम अब एक राष्ट्र एक चुनाव कराने में निश्चित ही हम सफल होंगे।

# कालाजार प्रभावित गांवों का केन्द्रीय टीम ने लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**, पाकुड़ (झा०खं०), कालाजार उन्मूलन के लिए केन्द्रीय टीम के द्वारा पाकुड़ जिले के कालाजार प्रभावित गांव का निरीक्षण किया गया। तीन दिवसीय दौरे पर आयी टीम द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के बड़ा कुटलो गांव और अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के बदाहा गांव का निरीक्षण किया जहां से संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए। आईआरएस गतिविधियां प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित पायी गई और रोगियों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार देखा गया जो मजबूत स्वास्थ्य सेवा समर्थन को दशार्ता है। लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड में टीम ने सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया। जहां कालाजार रोगियों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया, ताकि उनकी रोक प्रतिरोधक क्षमता और स्वास्थ्य में सुधार हो सके। इसके अलावा कालाजार चैंपियन- जो समुदाय स्वास्थ्य कार्यकर्ता है और बीमारी नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रहे हैं, उनको टी शर्ट, टोपी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कालाजार के मरीजों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी दी गई तथा फीडबैक लिया गया। टीम के अधिकारियों ने बताया कि यह दौरा प्रशासन की कालाजार उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है और इसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी तथा फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों की समर्पित भूमिका को प्रमुख माना है।आगे की कार्य योजना के तहत राष्ट्रीय और राज्य स्तर की टीमों ने जिला और प्रखंड स्तर पर रोगियों की चिकित्सा देखभाल, वेक्टर निगरानी, आईआरएस की गुणवत्ता में सुधार और पोषण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के विस्तार की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड के कुछ जिलों में अभी भी कालाजार एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, लेकिन पाकुड़ जैसे जिलों में तेजी से हो रहे प्रयास राज्य को कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य के करीब ला रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक, एनवीबीडीसीपी, केन्द्रीय टीम डॉक्टर छवि पंत जोशी, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राजत रंजन, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कौशलेश कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ की राज्य और जोनल टीम, राज्य और जिला पिरामल टीम, राज्य कालाजार सलाहकार सहित अन्य मौजूद रहे।

# मॉब लिंगचिंग का शिकार हुए व्यक्ति के अआश्रितों को 50 लाख मुआवजा समेत नौकरी दे सरकार - विजय शंकर

रांची (झा०खं०), आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह- पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने बोकारो जिला मे अल्पसंख्यक युवा मो अब्दुल कलाम को पीट पीट कर बेहरमी से मॉब लिंगचिंग करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कहा कि बोकारो जिला मे अल्पसंख्यक युवा मो अब्दुल कलाम को पीट पीट कर बेहरमी से मॉब लिंगचिंग करने वाले दोषीयों को फांसी की सजा हो एंव मृतक के आश्रितों को पचास लाख मुआवजा एवं नौकरी दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज फिर एक बार मॉब लिंगचिंग के कारण एक मजलूम मां ने अपने घर के इकलौते सहारे को खो दिया है, जिसकी जितना भी निन्दा किया जाए कम है । झारखण्ड के बोकारो जिला में ये घटना घटी है अल्पसंख्यक समुदाय का युवा मो अब्दुल कलाम को भीड़ के द्वारा बेहरमी से पीट पीट कर जान से मार दिया गया

# अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 10 यूनिट रक्त संग्रह




पथरगामा (गोड्डा): अंचल कार्यालय के सामने प्रखंड स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 10 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पथरगामा अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी ने भी शिविर स्थल पर पहुंचकर रक्तदान शिविर का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने बल्ड डोनेट करने वाले डोनरों की जानकारी ली। वहीं अंचलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है सभी को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है, इससे किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। कहा कि रक्तदान कर किसी को नया जीवन दिया जा सकता है। शिविर के दौरान बताया गया कि जिनका हीमोग्लोबिन ठीक है, वैसे व्यक्ति का रक्तदान कराया जाता है।

# बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में की गई साप्ताहिक समीक्षा बैठक

एनपीटी ब्यूरो



पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक अन्य ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, 15 में वित्तीय अन्य योजना की कार्य प्रगति का समीक्षा की गई। तदोपरांत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू के द्वारा उपस्थित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक अन्य को कई दिशा- निर्देश दिया। साथ ही संचालित योजनाओं की विकास कार्य को ससमय अवधि में ही पूर्ण करने की निर्देश भी दिया। बैठक में बीपीओ अजीत कुमार टुडू अन्य समेत पंचायत सचिव, रोजगार सेवक अन्य मौजूद थे।

# अब दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा: दीपिका पांडेय सिंह



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

महगामा (गोड्डा):-भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए आज झारखंड में निकाली गई ह्यजय हिंद यात्राह्व में झारखंड सरकार की माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने हिस्सा लिया और वीर जवानों के अद्वितीय साहस को सलाम किया।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा,

ह्लहमारे जवान सरहद पर सिर्फ गोली नहीं चलाते, वो देश की आत्मा की रक्षा करते हैं। आतंक और उसके सरपरस्त पाकिस्तान को अब उनकी ही भाषा में जवाब दिया जा रहा है – और अब दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि सेना के पराक्रम के साथ खड़े होने की राष्ट्रभक्ति की प्रतिज्ञा है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राहुल गांधी जी और मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता सेना के साथ है – देश की सुरक्षा में हम एक हैं, अडिग हैं।

जय हिंद यात्रा के माध्यम से यह संदेश गया कि सेना का अपमान नहीं सहेंगे, आतंक का हर सिर कुचलेंगे।

## पोड़ैयाहाट का कुसाहा से धोबाई मुख्य मार्ग सालों से है जर्जर

# बीस वर्ष पूर्व ग्रामीण कार्य विभाग से हुआ था



**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

पोडैयाहाट : प्रखंड क्षेत्र के कई मार्ग वर्तमान में ऐसे हैं, जहां लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड अंतर्गत कुसाहा से धोबाई मुख्य मार्ग जर्जर होने के बाद आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग होकर हजारों लोग आवागमन करते हैं। यह समस्या आम लोगों के बीच आज कई सालों से बनी हुई है। जर्जर सड़क से आवागमन कर रहे लोग समस्या के शिकार होते हैं। इस मार्ग में सैकड़ों वाहनों का भी परिचालन होता है। सड़क में बड़े-बड़े पत्थर निकल जाने के कारण साइकिल सवार एवं स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। समस्या के प्रति जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन मौन है। जानकारी के अनुसार इस मार्ग का निर्माण 2011 12 में कराया गया था। कुछ साल के बाद ही सड़क की स्थिति बदहाल हो गयी। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। इसके बावजूद बड़े-बड़े पत्थर के निकलने के कारण बीच सड़क पर लोग ना चलकर सड़क के नीचे कच्ची सड़क पर चलने को मजबूर हैं। ग्रामीण राजेंद्र राम, मुखिया प्रतिनिधि अनुपम कुमार सिंह, रूपलाल सिंह, गुरु गोविंद सिंह, श्रवण सिंह, रामचंद्र कुमार ने बताया कि आज कई सालों से इस मार्ग होकर सभी लोग आवागमन करते हैं। प्रखंड मुख्यालय 10 किलोमीटर दूर समस्या उठाकर जाना पड़ता है। सभी ग्रामीण की समस्या की जानकारी कई बार जनप्रतिनिधियों को भी दी है। इसके बावजूद अभी तक इस सड़क का मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है, जिससे तकरीबन 20 गांव के लोग परेशान हैं। लोगों ने कहा कि जल्द से जल्द ही इस समस्या का निदान प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन नहीं करते हैं, तो 20 गांव के लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षांत समारोह में 571 छात्रों को मिली डिग्री, खिले चेहरे

## -प्रो. डॉ. जे.पी. पांडे ने छात्रों को दिया आत्मविकास और तकनीकी नवाचार का संदेश

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, साहिबाबाद में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह समारोह कॉलेज के सिल्वर जुबली वर्ष के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.पी. शुक्ला, संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. अजय कुमार, आकांक्षा अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार डॉ पंकज राणाद्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।




समारोह में ए.के.टी.यू. से संबद्ध बी.टेक 2024 बैच के 571 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई।

इस दौरान मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जे.पी. पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आत्मविकास, निर्णय क्षमता और तकनीकी उन्नयन के महत्व पर प्रकाश डाला।

तकनीकी क्षेत्र में हो रहे तीव्र बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उदाहरण दिया और बताया कि जिस प्रकार एआई स्वयं को लगातार अपडेट कर रहा है, उसी प्रकार युवाओं को भी स्वयं में परिवर्तन लाकर नई तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। तभी हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर सकेंगे।

आपको बताते चले की दीक्षांत समारोह में बी.टेक की कुल छह शाखाओं कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, तथा इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 571 छात्रों को डिग्री दी गई है।

हर शाखा के तीन शीर्ष छात्रों को विशिष्ट सम्मान स्वरूप गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुल छह गोल्ड, छह सिल्वर, और छह ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए।

बी.टेक 2024 बैच के 250 छात्रों ने प्रथम श्रेणी विशेष योग्यता, 270 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, तथा तीन छात्रों को ऑनर्स की उपाधि प्राप्त हुई।

इस अवसर पर प्रो डॉ मीनाक्षी शर्मा, डॉ विजई सिंह,डॉ कुमुद, डॉ सुधीर, डॉ पूजा त्रिपाठी, डीआर जुगल किशोर, डॉ नीतू गोयल, डॉ एसपी सिंह, डॉ नीता वर्मा, डॉ रागनी,डॉ महजबीन,डॉ तनवीर,डॉ कात्यायनी,डॉ विकाश गुप्ता,अजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

# ब्लैकमेल करने वाले पत्रकार के खिलाफ थाना सिहानी गेट मे एफआईआर

## झूठी खबर चलने वाले पत्रकार के खिलाफ जीडीए ने कराई एफआईआर

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

गाजियाबाद गाजियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी ने एक पत्रकार जिसका नाम प्रवीण अरोड़ा है उसके खिलाफ थाना सिहानी गेट में विभाग के अवर अभियंता योगेश वर्मा ने एफआईआर कराई है बताया जा रहा है कि एक भूखंड जिस पर पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है इसमें डबल बेसमेंट जीडीए द्वारा स्वीकृत है और इसी मानचित्र के जरिए यह पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है जिसका नंबर जीडीए24-25/0516 दिनांक



20.11.2024 स्वीकृत होने के बाद अप नगर योजना विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 17.2.25 को योजित किया गया अधिकारी को ब्लैकमेल करने लगातार झूठी और मानगढ़ खबरें चलता और उसका डर है दिखा कर उनसे मोटी रकम ब्लैकमेल करके वसूलत ऐसा हम नहीं कह रहे यह आरोप जीडीए के अधिकारी लग रहे हैं क्योंकि एफआईआर में भी ऐसा ही लिखा है की झूठी खबर प्रसारित करके विभाग की और वहां काम करने वाले कर्मचारियों की छवि को धूमिल पहुंचने की कोशिश की है साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार को भी बदनाम करने की कोशिश की है अब यह तो पुलिस की जांच में ही निकाल कर आएगा कि कौन दोषी है और उस पर कानूनी क्या कार्रवाई होगी ।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गाजियाबाद में भी हाई अलर्ट

## हिंडन एयरपोर्ट समेत कई जगहों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

गाजियाबाद । भारत ने पहलगाम हमले का बदला पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके लिया। इसके बाद से भारत और पाक के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इन हालातों के मद्देनजर गाजियाबाद में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। गाजियाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हिंडन एयरपोर्ट के बाहर पहले के मुकाबले दोगुना सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन समेत गई जगहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

आतंक पर मिसाइल स्ट्राइक से बौखलाया पाकिस्तान- पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार और बुधवार क दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया है। जानकारी के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर



स्ट्राइक की। भारतीय सशस्त्र बलों इस ऑपरेशन को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है।

पहलगाम हमले का बदला है ऑपरेशन सिंदूर- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के किसी भी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। इस बात का भी ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के आम नागरिकों और नागरिक संरचनाओं को कोई क्षति व हानि न पहुंचे। यह ऑपरेशन भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दशार्ता है। भारतीय सशस्त्र बलों की इस कार्रवाई से आतंकवादी समूहों के खिलाफ एक कड़ा संदेश गया है। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 पर्यटकों को मार डाला था। तभी से पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से बड़ी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही थी।

भारत ने पाकिस्तान की नापाक साजिश को किया नाकाम- बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले पर भारतीय सेनाओं के करारे जवाब से बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। भारतीय सेना ने इस हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान के साथ सीमा पर रात में हवाई निगरानी के दौरान अखनूर, सांबा, बारामुल्ला और कुपवाड़ा और कई अन्य स्थानों पर सायरन बजने और कई विस्फोटों की सूचना मिली।

# श्याम लाल कॉलेज (सांध्य) ने वार्षिकोत्सव मनाया

**मुरारी चौधरी**

पूर्वी दिल्ली, श्यामलाल कॉलेज (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय ने 9 मई को अपने 55 वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कॉलेज के संस्थापक और राज्यसभा सांसद रहे स्वर्गीय श्री श्यामलाल गुप्ता का स्मरण करते हुए ओम बिरला ने कॉलेज की उस शैक्षणिक परंपरा की सराहना की, जो केवल ज्ञान प्रदान नहीं करती, बल्कि मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने भारत के नौजवानों की कुशलता को विश्व की आवश्यकता बताया, साथ ही 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए नवप्रवर्तन, नए विचार और नवनेतृत्व को आधार बताया।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के अकादमिक समर्पण और




सांस्कृतिक सक्रियता की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के युवा ही भारत का भविष्य हैं। उन्होंने मंच से 'भारत माता की जय' के उद्घोधन के साथ यह संदेश भी दिया कि वर्तमान की तनावपूर्ण स्थिति में प्रत्येक नागरिक को एकजुट रहने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन ऑफ कॉलेजेज, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रो. बलराम पाणी ने संस्थान की नवाचार, शोध और समावेशिता को बढ़ावा देने वाली नीतियों की प्रशंसा करते हुए श्यामलाल कॉलेज को आधुनिक शिक्षा का प्रकाश स्तंभ बताया। प्राचार्य प्रो. नचिकेता सिंह ने स्वागत भाषण के साथ शैक्षणिक वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध पहलों, डिजिटल नवाचारों, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व अभियानों का समग्र विवरण साझा किया गया।

मंच पर कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के प्रतिनिधि हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रमोद कुमार तथा सह-संयोजक प्रो. आदित्य पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कारों का वितरण भी किया गया।

# केंद्रीय विद्यालयों में अर्ध अवकाश के साथ ग्रीष्मकालीन छुट्टियां शुरू

गाजियाबाद। केंद्रीय विद्यालयों में अर्ध अवकाश के साथ ही ग्रीष्मकालीन छुट्टियां घोषित कर दी गईं। अब स्कूल 18 जून को खुलेंगे। छुट्टी घोषित होने पर छात्रों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। स्कूल से बाहर निकले छात्रों में खुशी का माहौल था। छात्रों को छुट्टी का काम भी दे दिया गया। छठवीं कक्षा से नौवीं तक के विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए दिया गया। हालांकि, अर्ध अवकाश की वजह से बड़ी तादाद में छात्र अनुपस्थित रहे। उनको ग्रुप में काम भेजा गया। केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर के प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार ने बताया कि 17 जून तक छुट्टी हैं और 18 जून को स्कूल यथासमय खुलेंगे। इसकी जानकारी अभिभावकों को भी भेज दी गई है।

गर्मी को देखते हुए अभिभावकों व छात्रों ने परिषदीय विद्यालयों में भी छुट्टी घोषित करने की मांग की है। अभिभावक कुलदीप ने बताया कि गर्मी की वजह से बच्चों को दिक्कत हो रही है। दोपहर में बच्चे लौट रहे हैं, जिससे बच्चों की तबीयत भी खराब होने का खतरा है। इसलिए स्कूलों में छुट्टी घोषित होनी चाहिए। हालांकि, परिषदीय विद्यालयों में छुट्टी 20 मई से शुरू होगी जो 15 जून तक रहेगी। स्कूल 16 जून से खुलेंगे।

## एनजीटी के आदेश पर राजेंद्र नगर में जीडीए ने तोड़ी अवैध सड़क

साहिबाबाद। एनजीटी के आदेश पर बृहस्पतिवार को राजेंद्रनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित पार्क में बनी अवैध सड़क को जीडीए ने तोड़ दिया। पार्क में अवैध तौर पर सड़क बनाने की शिकायत वर्ष 2023 में कड़कड़ मॉडल निवासी सुशील राघव ने एनजीटी में की थी।राजेंद्रनगर औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद में फैक्टरी के पास स्थित पार्क की भूमि पर अनाधिकृत से निर्मित सड़क को तोड़ने के आदेश एनजीटी ने दिए थे। बृहस्पतिवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-7 के नेतृत्व में अवैध सड़क को तोड़ा गया।

# पुत्र की पुण्य स्मृति गोशाला में पानी की खेली का निर्माण

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

सीकर। गौ भक्त भंवर सिंह नाथावत ने, अपने सुपुत्र स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह नाथावत, नाथावतपुरा सीकर अपने पुत्र की पुन्य स्मृति में श्री माधव कृष्ण सागर गौशाला समिति ढाणी चारण में, एक भव्य पानी की खेली का निर्माण कराया ।जिसका गौशाला प्रांगण में विधिवत हवन व पुजन के साथ, दिवंगत आत्मा की आत्म शांति की प्रार्थना हुई गौशाला संचालक नवल बाईसा ने बताया कि, गौशाला कोषाध्यक्ष इश्वर सिंह नाथावत,दिपक शेखावत, ज्ञान वर्मा, सुशीला कंवर, भंवर सिंह,रूपराम रैबारी आदि उपस्थित रहे विद्वान पंडित गोपाल शर्मा सुटोट वाले के पावन सानिध्य में हवन व शांति पाठ संपन्न हुआ। गोशाला संचालिका नवल बाईसा गौ सेवा को धार्मिक कर्म माना जाता है। गायों की सेवा करने से पुण्य मिलता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है गौ सेवा से मानसिक शांति मिलती है। गायों के साथ समय बिताने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। गौ सेवा से समाज में एकता और प्रेम का भाव बढ़ता है। गायों की देखभाल करके, हम दूसरों की मदद करना सीखते हैं और उनके प्रति प्रेम और सम्मान का भाव रखते हैं।

# आंधी-बारिश के साथ पड़े ओले, आठ घंटे गुल हुई बिजली

गाजियाबाद। दस मिनट की आंधी और बारिश के साथ ओले पड़े, जिससे बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई। कई स्थानों पर जलभराव हो गया। सड़कों से पानी निकलने में घंटों का समय लग गया। आंधी के कारण नयागंज और नेहरूनगर समेत अन्य स्थानों पर में पेड़ टूटकर गिर गए। पेड़ गिरने से कई जगहों पर बिजली के तार भी टूट गए। जिससे करीब आठ घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

शाम आंधी और बारिश से करीब आठ घंटे तक बिजली गुल रही। बारिश बंद होने के बाद कई उपकेंद्रों से आपूर्ति चालू की गई तो गड़बड़ी आ गई। नयागंज में पेड़ गिरने से करीब पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा नेहरूनगर, कविनगर, प्रताप विहार, राजनगर, राजनगर एक्सटेंशन, कैलाभट्ठा, संजयनगर, पटेल नगर, नंदग्राम, लोहियानगर समेत अन्य इलाकों में पूरे दिन दस-दस मिनट के अंतराल पर बिजली आती जाती रही। जोन एक के अधीक्षण अभियंता एके सिंह ने बताया कि बारिश के दौरान कई स्थानों पर बिजली की आपूर्ति बाधित हुई, जिसको दुरुस्त करने के लिए ऊर्जा निगम की टीम लगी रही।

**नालों की सफाई के दावे फेल**

नगर निगम की ओर से बारिश के पहले ही सभी नालों और सीवरों की सफाई के दावे किए जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी कई स्थानों पर नालों की सफाई के बाद सिल्ट को सड़क के किनारे रख दिया गया। शाम में हुई बारिश के बाद सड़क किनारे रखा सिल्ट वापस से नालों में चला गया। इससे कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया। लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाइक सवारों को भी दिक्कत हुई।

नहीं हुई है सीवरों की सफाई

बारिश के पहले नगर निगम की ओर से शहर के सभी सीवरों को साफ करने का दावा किया जा रहा है। लेकिन कई स्थानों पर सीवर ओवरफ्लो के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बारिश के बाद सीवर उफनाने लगे। इसकी वजह से मलजल सड़कों पर बहने लगा। लोगों ने इसकी शिकायत की जिसके बाद निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सफाई और जल निकासी का करायी।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि बारिश और ओले के दौरान शहर में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिसे निगम की टीम ने हटवा दिया। नगर निगम की ओर से वसुंधरा सेक्टर-4, कविनगर में डायमंड फ्लाईओवर, सिटी जोन में टॉउन हॉल और गाजियाबाद नए रेलवे स्टेशन के आसपास समेत अन्य स्थानों से गिरे पेड़ हटवाए गए।

**यहां इतनी देर हुई बिजली कटौती**

नेहरूनगर दो घंटे
कविनगर ढाई घंटे
पटेल नगर चार घंटे
कैलाभट्ठा तीन घंटे
लोहियानगर सात घंटे
यहां इतनी देर हुई बिजली कटौती
नेहरूनगर दो घंटे
कविनगर ढाई घंटे
पटेल नगर चार घंटे

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# संस्कार भारती के अध्यक्ष बने उपमेंद्र सक्सेना व अमन पटेल महामंत्री

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली।संस्कार भारती ब्रज प्रांत बरेली महानगर के तत्वावधान में एक बैठक पूर्व एजेंडा अनुसार स्थानीय रामपुर बाग स्थित केशव कृपा भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय वरिष्ठ पदाधिकारी कला प्रमुख डॉ. मदन मोहन लाल रहे। विशिष्ट अतिथिगण प्रांतीय मंत्री कुलदीप वर्मा, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ गीतम सिंह, डी प्रसाद उर्फ पप्पू वर्मा , जिलाध्यक्ष बदायूं अशोक कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। अध्यक्षता हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ जिसकी सुंदर प्रस्तुति आरोही रावत ने दी जिसके उपरांत अतिथियों ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। उक्त बैठक में बरेली महानगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नवीन कार्यकारिणी के अंतर्गत गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट को अध्यक्ष, अमन पटेल को महामंत्री एवं नीरज कुमार ठाकुर एडवोकेट को कोषाध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया इसके साथ ही प्रदीप रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीलिमा रावत को उपाध्यक्ष, भारत सक्सेना को संपर्क प्रमुख, संजय सक्सेना को मंचीय कला प्रमुख, प्रिया सक्सेना को दृश्य कला प्रमुख, दीप शिखा सक्सेना को लोक कला प्रमुख एवम रोहित राकेश को साहित्य कला प्रमुख, उमेश त्रिगुणायत एवं सूरज पाल मौर्य को मंत्री, राजेश कुमार सिंह एवं हरदयाल मौर्य को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर संस्कार भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साहित्य कला प्रमुख रोहित राकेश ने किया।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।